तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 27 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 17 अप्रैल 2025




13 समाज में फैली बुराई को दूर करने के लिए महिलाओं को आगे आना चाहिए: ताम्रध्वज



**टैक्स वसूली:** वसूली को बढ़ाने के लिए सरकार ने दी है अब 30 अप्रैल तक मोहलत

# भिलाई 44.62 और रिसाली निगम नहीं कर पाई 3.50 करोड़ की टैक्स वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई और रिसाली निगम के आय का मुख्य आधार जनता से टैक्स की वसूली है। दोनों की निगमों ने टैक्स वसूली करने के लिए प्राइवेट कंपंनियों को ठेका दे रखा है उसके बाद भी टारगेट पूरा नहीं हो पाया। इन कंपंनियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के 31 मार्च तक टैक्स वसूली की जिम्मेदारी सौंपी गई। बावजूद इसके भिलाई निगम 44.62 करोड़ रुपए और रिसाली निगम 3.50 करोड़ रुपए टैक्स की वसूली नहीं कर पाई। हालांकि प्रदेश सरकार ने जनता को टैक्स जमा करने के लिए एक महीने यानी 30 अप्रैल तक छूट दी है। इसलिए इस टैक्स वसूली में इजाफा होने की उम्मीद है।



## भिलाई नगर निगम में इस तरह टारगेट पीछे

भिलाई नगर निगम को 2024-25 वित्तीय वर्ष में 146.41 करोड़ रूपए का टैक्स जनता से वसूलना था। जिसमें 101.79 करोड़ रुपए का टैक्स वसूली हो पाई। इस तरह टारगेट से 44.62 करोड़ रुपए की वसूली नहीं की जा सकी है। यह कुल टारगेट का 69.53 प्रतिशत है। निगम को सर्वाधिक टैक्स संपत्ति कर के रूप में मिलती है। इस वित्तीय वर्ष में 3264.91 लाख रुपए की संपत्ति कर वसूली का टारगेट था लेकिन 3013.61 लाख रुपए की कर वसूली की जा सकी। संपत्ति कर 251.30 लाख रुपए की वसूली नहीं हो पाई।

## जलकर और यूजर्स चार्जेस में परफारमेंस सबसे अच्छा

भिलाई निगम की जलकर और यूजर्स चार्जेस के मामले में सबसे बेहतर प्रदर्शन रहा है। जलकर के रूप में निगम का टारगेट 250 लाख रुपए की थी। इसमें 277.45 लाख रुपए की वसूली कर ली गई। यह टारगेट का 111 प्रतिशत है। यानी 11 प्रतिशत ज्यादा की वसूली जलकर के रूप में हुई है। यूजर्स चार्जेस भी निगम की टीम लगाती रही है। यूजर्स चार्जेस के रूप में वित्तीय वर्ष में 700 लाख रुपए का टारगेट रहा लेकिन इससे ज्यादा 998 लाख रुपए की वसूली की गई। कालोनी अनुज्ञा के रूप में निगम को 57.28 लाख रुपए वसूलने थे। इससे ज्यादा निगम को 92.15 लाख रुपए मिले।

## रिसाली निगम नहीं वसूल पाई 3.50 करोड़ रुपए

रिसाली निगम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में सभी प्रकार के टैक्स के रूप में 2159.41 लाख रुपए वसूली का टारगेट रखा। बकायदा ठेके पर टैक्स वसूली का कार्य दिया। उसके बाद भी टारगेट से अब भी कंपंनी 3.50 करोड़ रुपए पीछे है। कंपंनी ने 1809.21 लाख रुपए टैक्स के रूप में वसूली कर पाई। कुल टैक्स का यह 83.78 प्रतिशत वसूली है। रिसाली निगम के 40 वार्डों में ज्यादातर वार्ड श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र है। इस निगम को जोनवार बांटा नहीं गया है। इसलिए यहां के लोग स्वेच्छा से टैक्स पटाने के लिए कई किलोमीटर दूर चलकर भिलाई निगम आते हैं। जिस ठेका एजेंसी को यह कार्य दिया गया है उसने भी दूरदराज क्षेत्रों में सुविधा केंद्र नहीं खोले हैं। दूरस्थ वार्डों के पार्षदों द्वारा इसकी मांग भी सामान्य सभा में की जाती रही है लेकिन यह केवल सुझाव तक ही सिमट कर रह गई।

## नहीं हो पाई 145 लाख रुपए समेकित कर की वसूली

भिलाई निगम ने वर्ष 2024-25 वित्तीय वर्ष में 849.19 लाख रुपए की समेकित कर वसूली करने का टारगेट दिया। इस टारगेट के विरूद्ध ठेका कंपनी ने 704.19 लाख रुपए की वसूली की। इस तरह 145 लाख रुपए की समेकित कर वसूली नहीं की जा सकी। निर्यात कर के रूप में निगम 550 लाख रुपए का टैक्स लेना था लेकिन 349 लाख रुपए ही जमा करवाई जा सकी। इस कर के रूप में 63.46 प्रतिशत वसूली दर्ज हो पाई।

## दुकान किराया 28 फीसदी व भवन भूखंड किराया की 30 फीसदी वसूली

भिलाई निगम की ठेका कंपनी कर वसूली के मामले में सबसे खराब प्रदर्शन किया है वह है दुकानों, भवन व भूखंड का किराया वसूली। वित्तीय वर्ष 2024- 25 में दुकानों का किराया 120 लाख आना चाहिए था। कंपनी ने केवल 34 लाख 27 हजार रुपए की वसूली की है। यानी टारगेट से केवल 28.56 प्रतिशत वसूली कर पाई। इसी तरह भवन व भूखंड का किराया वसूली केवल 30.54 प्रतिशत की रही। इसमें कंपनी को 4500 लाख रुपए वसूली करने थे लेकिन महज 1374 लाख रुपए ही वसूल सकी।

## 6.25 % संपत्तिकर छूट

“ निगमों में संपत्ति कर जमा करने पर अभी 6.25 प्रतिशत छूट दी जा रही है। करने के लिए नगर निगम भिलाई के काउन्टर में अच्छी भीड़ हो रही है। जो लोग वर्ष 2024-25 का संपत्तिकर जमा नहीं किए है। उनको 18 प्रतिशत अधिभार एवं 1000 रूपये पेनाल्टी शुल्क जमा नहीं करने का लाभ मिल रहा है, 30 अप्रैल तक ही छूट प्राप्त होगा।

- **राजीव पांडेय**, निगम आयुक्त भिलाई

## अवकाश में भी काउंटर खोल रहे

“ लोगों की सुविधा के लिए अवकाश के अवधि में नगर निगम कार्यालय के संपत्तिकर काउंटर खुले रहेगें। कर वसूली को और भी बेहतर करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

- **मोनिका वर्मा**, आयुक्त रिसाली निगम

---

**न्याय मांग रही बेटी** — **दशगात्र आज**

# बेटी भूखी मरी थी इसलिए माता-पिता पांच बेटियों को उसकी पसंद की आलू चना की सब्जी और हलवा खिलाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- मासूम के माता पिता ने कहा- चाचा को दी जाए फांसी

मैं एक अभागा पिता हूं। मेरी बेटी रामनवमी के दिन कन्यापूजन में अपने मनपसंद का स्वादिष्ट भोजन करने जा रही थी। लेकिन खाना खाने से पहले ही उसके साथ हैवानियत कर रिश्तों को शर्मसार कर दिया गया। वह जीवन के अंतिम समय में भी जीवटता से लड़ी, लेकिन बेटी भूखी मर गई। आज उसके दशगात्र पर पूजा के बाद उसके संग खेलने वाली सहेलियों को बुलाकर उसके पसंद की आलू-चना की सब्जी व हलवा खिलाकर आत्मा की शांति के लिए पाठ करेंगे। जिसमें दादा-दादी से लेकर सभी रिश्तेदार पड़ोसी भी शामिल होंगे।

छह साल की मासूम भतीजी के साथ चाचा की हैवानियत ने रिश्तों को शर्मसार कर दिया। गुरुवार की सुबह मासूम की आत्मा की शांति के लिए दशगात्र का आयोजन माता-पिता कर रहे हैं। पिता की आंखों में आंसू है। उनका कहना है कि उसकी बेटी बड़े होकर पुलिस की अफसर बनना चाहती थी। लेकिन वक्त के पहले ही वह दरिंदगी की शिकार हो गई। अब उसकी आत्मा न्याय मांग रही है। साथ ही मासूम की दादी का कहना है कि उसने कन्यापूजन से पहले कई बार उससे कहा कि वह चना व आलू के माता का भोग खाकर निकले। लेकिन मासूम की जिद थी कि वह कन्यापूजन के लिए बाहर जाकर हलवा-पूड़ी खाएगी। गुरुवार को उसके मनपसंद का भोजन तैयार कराकर पांच कन्याओं जो उसकी सहेली भी हैं, उनको खिलाया जाएगा।

## पिता बोले- एक बार भाई से पूछूंगा क्यों मारा मासूम को

मासूम की मौत के बाद पिता का बुरा हाल है। उनका कहना है कि उसके छोटे सगे भाई ने मासूम बेटी के साथ अनाचार कर मौत के घाट उतारा है। पुलिस ने साक्ष्य घर की महिलाओं चाचीौर उसकी मां को बताए हैं। वह एक बार जेल में बंद अपने भाई से मिलना चाहता है। साथ ही पूछेगा कि उस निर्दोष छह वर्ष की मासूम का क्या दोष था, जिसे उसके सगे चाचा ने बड़ी निर्ममता से मौत के घाट उतार दिया। इस संबंध में पुलिस के अफसरों से भी बात की है, कि उसे एक बार भाई से मिलवा दिया जाए।

## जिसे बेटे की तरह माना उसी ने कर दी हत्या

मासूम के पिता का कहना है कि उसने अपने सगे छोटे भाई को बेटे की तरह माना। जब भी उसे पैसों की जरूरत होती, तो उसे खर्च के लिए भी पैसे देता। लेकिन उसके बाद भी उसी ने बड़ी निर्मम तरीके से बेटी के साथ अनाचार करने के बाद हत्या कर दी।

## दादी ने कहा: पंडित आत्मशांति के लिए करेंगे पूजा, मिले न्याय

मासूम की दादी ने कहा कि उसकी बेटी की मौत आज भी न्याय मांग रही है। वह इस धरती से भूखी ही गई है। इसलिए उसकी आत्मशांति के लिए पंड़ित जी पूजा करेंगे। साथ ही नातिन को न्याय मिले। उन्होंने कहा कि अगर मेरे परिवार का बेटा दोषी है, तो फासी में चढ़ाया जाए। पुलिस की टीम ने मासूम के चाचा के बयानों को पढ़कर सुनाया है। साथ ही डीएनए टेस्ट के बारे में बताया है।

---

## खबर संक्षेप

### कार में शराब की तस्करी, दो गिरफ्तार



**भिलाई।** कार में शराब तस्करी करते दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि रात को डायल 112 के सूचना मिला कि कार सीजी 04 एमडी 2018 में संदिग्ध स्थिति में ग्राम ठेलका की तरफ जा रहा हैं। पुलिस ने ठेलका चौक की तरफ निकली जिसे देख आरोपी जालबांधा रोड की ओर मुड़ गए। संदिग्ध वाहन ग्राम मुड़पार बस्ती में घुस गई। जहां कार अनियंत्रित होकर घर की दिवाल पर टकरा गई। मौका मिलने पर आरोपी फरार हो गए। उक्त वाहन में 13 खाकी बाक्स में गोवा शराब जब्त किया। उक्त शराब एमपी का था। गोवा अंग्रेजी शराब की कीमत 87 हजार 750 रूपये और कार 5 लाख रुपए आंकी गई।

### गांजा बेचने वाली दो महिला और युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाली दो महिला और एक युवक को पुलिस के हत्थे चढे है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खुर्सीपार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर बालाजी नगर खुर्सीपार में गांजा बेचने की सुचना मिली थी। खुर्सीपार पुलिस और एसीसीयू की टीम ने घेराबंदी कर कार्रवाई किया है। पुलिस ने कैम्प 2 चटाई क्वाटर छावनी निवासी नाज परवीन, श्रीराम चौक नवीन कालेज के पास खुर्सीपार एम ईश्वरी, कैम्प 2 चटाई क्वाटर छावनी निवासी अब्बास खान को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने 3 किलो 61 ग्राम गांजा, बिक्री रकम 1480 रूपए, 5 मोबाईल फोन जब्त किया। कुल कीमत 1 लाख 60 हजार 980 रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में डीएसपी क्राइम अजय सिंह प्रभारी,खुर्सीपार टीआई अंबर सिंह भारद्वाज समेत पुलिस कर्मियों का योगदान रहा है।

---

# एक टंकी भरी, आज 80 प्रतिशत इलाके में होगी पेयजल की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- पिछले तीन दिनों से भिलाई व रिसाली निगम में जल संकट
- सुधार कार्य हुआ पूरा

पिछले तीन दिनों से भिलाई व रिसाली निगम में लोग पानी के लिए जूझ रहे हैं। पेयजल पाइप लाइन संधारण कार्य पूरा करने के बाद टेस्टिंग कार्य भी पूरा हो गया। भिलाई निगम क्षेत्र की 15 पानी टंकियों को भरने का क्रम जारी है। बुधवार को केवल एक पानी टंकी भरी जा सकी इसलिए मंगलबाजार क्षेत्र में ही शाम को पानी दिया जा सका। शेष 14 पानी टंकियों को देर रात तक भरा जाना है। इन टंकियों को भरने के बाद ही बुधवार शाम तक पानी सप्लाई सामान्य हो पाएगी।

## 80 फीसदी इलाकों में आज पहुंचेगा पानी

भिलाई निगम क्षेत्र की पेयजल सप्लाई के लिए बनी बड़ी पानी टंकियों को भरने में ही 12 से 14 घंटे लगते हैं। इस हिसाब से पानी टंकियों को भरने में बुधवार का दिन भी लगना है। निगम जल गृह विभाग की योजना है कि जैसे-जैसे पानी टंकियों में भरता जाएगा उन क्षेत्रों में पानी सप्लाई शुरू कर देंगे। इस योजना के हिसाब से आधे से ज्यादा वार्डों में पानी देर शाम व रात तक ही पहुंचेगा।

## इन क्षेत्रों में कल दोपहर तक पानी

भिलाई निगम क्षेत्र के नेहरूनगर, चंद्रा मौर्या, स्लाटर हाउस की पानी टंकियां सुबह तक भर जाने की उम्मीद है। इसलिए यहां सुबह 10 बजे के बाद से नलों में पानी सप्लाई शुरू हो सकती है। इसी तरह रिसाली निगम क्षेत्र में भी पानी की सप्लाई दोपहर व शाम तक ही किया जा सकता है। भिलाई निगम की 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट से रिसाली के लोगों को पानी सप्लाई होती है। प्रगतिनगर, रूआबांधा, स्टेशन मरोदा, नेवई सहित आसपास के लगे क्षेत्रों में लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पुरैना, जोरातराई क्षेत्र के लोगों को मोरिद जलाशय से पानी सप्लाई हो रही है और यहां की टंकिया भरी जा रही है।

---

**भिलाई-3 थाना क्षेत्र की घटना**

# लाखों की चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात किया था पार

शिक्षक कातन चौक भिलाई तीन में हुए लाखों की चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 334 (2), 305 (ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि पीड़िता राधिका हरदेल के मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गया था। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। जेवरातों की कीमत 7 लाख 85 हजार रूपये है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने टीम बनाई। पुलिस को अपचारी बालक पर संदेह होने पर पूछताछ किया गया। उसने सोने चांदी के जेवरात आलमारी से निकालकर चोरी किया। सड़क नं. 06, अग्रसेन आईटीआई के पी कुरूद रोड कोहका निवासी संतोष दुलानी के पास जेवरात सोने का बिस्कीट 15 ग्राम को गिरवी रखना स्वीकार किया। संतोष ने पुलिस को बताया कि गिरवी से 1 लाख 40 हजार रुपए मिला जिसमें 1 लाख 30 हजार रुपए अपने बेटे को अपने दोस्त अपचारी बालक को देने की बात कही। जेवरात कुल 326.986 ग्राम को पुलिस ने जब्त किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी महेश ध्रुव और उनकी टीम का योगदान रहा है।

---

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**







## खबर संक्षेप



### अवतरण दिवस पर प्रसादी एवं शर्बत वितरण

**दुर्ग।** युवा सेवा संघ भिलाई-दुर्ग द्वारा संत आशाराम बापू के 89 वा अवतरण दिवस पर पावर हाउस भिलाई में राहगीरों को चना प्रसादी एवं शर्बत का वितरण किया, साथ में ऋषि प्रसाद मासिक पत्रिका का भी निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में भिलाई कैंप, सेक्टर और बोरसी के भाइयों और बहनों द्वारा प्रसादी वितरण की सेवा की गई। सभी नगर वासी को संत श्री की अवतरण दिवस की बधाई दी गई। सदगुरू के अवतरण दिवस पर देश भर में सभी 450 आश्रम समिति द्वारा यह सेवा कार्य आम जन मानस के बीच किया गया।

### समिति ने किया सकोरे का वितरण



**दुर्ग।** गोंडवाना भवन सिविल लाइन में पक्षियों के लिए पानी पात्र सकोरे का वितरण नगर निगम महापौर अलका बाघमार द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल सकोरा वितरण में शामिल हुए। ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के अध्यक्ष सीताराम ठाकुर सचिव दिलीप ठाकुर, सदस्य केआर मुदलियार, लेखु यादव ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

### सालाना उर्स पाक 13 मई से

**दुर्ग।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजरत बाबा सैयद अब्दुल रहमान शाह काबुली रहमतुल्ला अलेह पुराना बस स्टैंड दुर्ग का सालाना उर्स पाक (एकता उत्सव) मई 2025 कार्यक्रम मनाने का निर्णय लिया गया हैं। रऊफ कुरेशी जनरल सेक्रेटरी सालाना उर्स पाक कमेटी ने बताया कि, 13 मई को बाद नमाज मगरिब दरगाह शरीफ में परचम कुशई कर उर्स का आगाज किया जाएगा। वहीं 14 मई को शाही संदल ख़ादिम-ए-आस्ताना के निवास जामा मस्जिद के पास से रात्रि 8 बजे शहर का गस्त करता हुआ दरगाह शरीफ पहुंचेगी जहां चादरपोशी की रस्म अदा कर छत्तीसगढ़ में अमन शांति खुशहाली कि दुवा कि जायगी, 15 मई को रात्रि 9:30 बजे मशहूर आतिशबाजी अयाज रजा, रजा फायर वर्क्स की ओर से मनमोहक आतिशबाजी पेश की जाएगी।

### अटल दुर्ग सिंधी समाज के अध्यक्ष चुने गए

**दुर्ग।** दुर्ग सिंधी समाज की संस्था पूज्य सिंधी जनरल पंचायत तथा अधीनस्थ संस्था सिंधु भवन संचालन समिति पूज्य शदाणी दरबार संचालन समिति का वर्ष 2025-2027 कार्यकाल के लिए पुर्नगठन किया गया। महेश गणेशानी ने बताया कि आगामी कार्यकाल 2025-27 हेतु समाज की सर्वोच्च संस्था पूज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष पद पर अटल गोदवानी, महासचिव प्रो धनराज भावनानी, कोषाध्यक्ष राम बख्तियार सर्वसम्मति से चुने गए।

# सचिव की मांग को एजेडों से रखा दूर, पेयजल को लेकर दिखी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भाजपा द्वारा चुनावी घोषणा में सचिवों को नियमितिकरण किए जाने की घोषणा का हवाला देकर कांग्रेस सदस्यों ने सामान्य सभा में उनकी मांगों को प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को भेजने की बात रखी। लेकिन इसे एंजेडे में शामिल नहीं किए जाने से कांग्रेस सदस्यों ने नाराजगी दिखाई और सीईओ का घेराव कर दिया था। इसके आलावा सभा में अवैध खनन और पेयजल की समस्या को लेकर बवाल मचा रहा।

जिला पंचायत में भाजपा की सत्ता आने के बाद यह पहली बैठक थी। बैठक में कांग्रेस सदस्यों ने कहा कि, पंचायत सचिवों की हड़ताल के चलते ग्राम पंचायतों में काम ठप है। ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल समस्या विकराल हो गई है। जिसका भी निराकरण करने में दिक्कत आ रही है। जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक में यह मुद्दा जोरशोर से छाया रहा। जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा ने घोषणा पत्र में शामिल पंचायत सचिवो के शासकीयकरण के संबंध में प्रस्ताव लेकर शासन को भेजने मांग रखी। मगर श्रीमती मिश्रा की माने तो अधिकारियों ने इसे प्रस्ताव में शामिल नहीं किया। जिस पर बवाल मचा रहा। सामान्य सभा में सीईओ बजरंग दुबे द्वारा मीडिया कर्मियों को सभा में प्रवेश की अनुमति नही दी। जिसे लेकर कांग्रेस सदस्यों ने नाराजगी जताई और माहौल तनावपूर्ण रहा। पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख ने कहा कि, हमेशा से मीडिया को सभा में प्रवेश की अनुमति रही हैं। सीईओ द्वारा ऐसा करना गलत है।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा में अवैध खनन पर गरम रहा सदन

### सौ से ज्यादा अर्जी बोर करने, सिर्फ एक मशीन

कांग्रेस सदस्यों ने गांव में पेयजल की समस्या को प्रमुखता से उठाया। जिस पर पीएचई के ईई उत्कर्ष शर्मा ने बताया कि, नलकूप के लिए 100 बोरवेल्स करने आवेदन आए है। लेकिन सिर्फ एक मशीन होने के कारण बोरवेल्स करने में देरी हो रही हैं। सदस्य देवेन्द्र चंद्रवंशी एवं दानेश्वर साहू ने कहा कि, गांव गांव में भीषण पेयजल संकट है। अधिकारी जिले में नलकूप खनन के लिए 100 प्वाइंट स्वीकृत होने की बात कह रहे हैं और जिले में इसके लिए मशीन मात्र एक है। नोमिन ठाकुर ने कहा कि उनके क्षेत्र में लगभग 50 प्रतिशत हैण्डपपों में पानी नहीं आ रहा। मगर अधिकारी आफिशियल 5 प्रतिशत ही बंद होना बता रहे जो गलत है।



### पीएम आवास में कांग्रेस सदस्यों की उपेक्षा

आशा विक्की मिश्रा ने कहा कि शासन द्वारा उनके क्षेत्र के ग्राम कोलिहापुरी में पीएम आवास के जिला स्तरीय गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत द्वारा इसके लिए प्रेषित आमंत्रण कार्ड में क्षेत्र का जिला पंचायत सदस्य होने के बावजूद नाम नहीं था। अधिकारी ऐसा कर निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की उपेक्षा कर रहे हैं, वहीं उन्हें इसका सिर्फ आमंत्रण कार्ड मिला जो कार्यक्रम के एक घंटा पहले दिया गया। इस पर जिला पंचायत सीईओ ने उपर से मिले प्रोटोकाल के अनुसार ही कार्ड में नाम डाला जाता है। धमधा जनपद पंचायत अध्यक्ष ने क्षेत्र में चल रहे अवैध मुरूम उत्खनन पर रोष जताया अधिकारी में मामले कार्रवाई की बात कही।

## आवंटन : 34 शराब दुकानों में अहाता खोलने सवा सौ ने लगाई बोली

# पौने छह करोड़ के अहाते के लिए लगी दस करोड़ रुपए की बोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भाजपा की सरकार द्वारा पिछले साल से शराब दुकानों में शुरू किए गए अहाता के लिए इस बार फिर से ठेका जारी किया गया हैं। जिले के 34 शराब दुकानों में अहाता खोलने के लिए ठेकेदारों ने ऐसी रूचि दिखाई कि, महज सालभर में आबकारी के खजाने में चार करोड से अधिक का राजस्व मिलेगा। जिले के 34 देशी व विदेशी शराब दुकानों में अहाता खोलने के लिए सवा सौ ठेकेदारों ने रूचि दिखाई। पौने छः करोड के अहाते के लिए दस करोड रूपए तक की उंची बोली लगी हैं।

जानकारी अनुसार पाटन, अहिवारा, डीपरापारा दुर्ग, जोरातरई, नंदनीखुंदनी और ट्रांसपोर्ट नगर सिकोलाभांठा के लिए एक भी आवेदन नही आए, जिसकी नीलामी के लिए अलग से तारीख निर्धारित की जाएगी। पिछले साल 53 देशी व विदेशी शराब दुकानों के लिए अलग-अलग टेंडर मंगाए गए थे। लेकिन इस बार एक ही परिसर में देशी व विदेशी शराब दुकान के अहाते को एक समूह बना दिया गया है। जिसके चलते दो दुकानों का एक समूह तैयार किया गया हैं। इसके पीछे का लाजिक विवाद को रोकना था। इस बार 53 के जगह 40 समूह के लिए टेंडर निकाले गए थे। हांलाकि इसमें से छः समूह के लिए एक भी आवेदन नही आए। विगत 15 अप्रैल को खोले गए टेंडर में 125 लोगों ने भाग लिया था। जिले में देशी व विदेशी शराब दुकान के अहाते के लिए सालाना 5 करोड 88 लाख 6 हजार रूपए बेसरेट निर्धारित थे। आनलाइन के तहत लिए गए सवा सौ आवेदनों में बोलीकर्ताओं के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थिति निर्मित थी। ऐसे में सबसे अधिक उंची दर सभी दुकानों को मिलाकर दस करोड रूपए तक गए है। आबकारी विभाग को हर साल निर्धारित दर से करीब चार करोड रूपए की अतिरिक्त आय होगी।

### अहाता चलाने दिखा उत्साह, दुगुने दर पर बिके




### अब चार साल के लिए फुर्सत

भाजपा की सरकार द्वारा देशी व विदेशी शराब दुकान में आहता खोलने की पालिसी लाई गई थी। पिछले साल टेंडर किया गया था, लेकिन ये सिर्फ एक साल के लिए ही था। लेकिन इस बार मंगाए गए टेंडर की अवधि चार साल की रहेगी। मतलब इस बार जिस दर से ठेकेदारों को अहाता आबंटित किया गया हैं। उसमें हर साल सिर्फ दस फीसदी दर की बढोत्तरी की जाएगी। अब आने वाले चार साल बाद अहातों का टेंडर नए सिरे से कराया जाएगा। इससे हर साल होने वाले टेंडर से व्यापारियों को छुटकारा मिला जाएगा।

### सबसे महंगा बसंत विहार भिलाई का अहाता

जिले के 34 दुकान में सबसे महंगी बसंत विहार भिलाई का अहाता 55 लाख में बिका हैं। वही दूसरे नंबर पर सिविक सेंटर भिलाई 53 लाख 30 हजार, तीसरे में उतई देशी व विदेशी आहाता 48 लाख 96 हजार में बिका हैं। वही सबसे कम देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता उरला रोड दुर्ग 7 लाख 52 हजार में बिका हैं। देशी मंदिरा अहाता नयापारा 39 देशी मदिरा अहाता एसीसी चौक जामुल 49 लाख 68 हजार, देशी मंदिरा अहाता अण्डा 30 लाख 12 हजार, देशी मदिरा अहाता जेवरासिरसा 35 लाख, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता चमचा 30 लाख 60 हजार, देशी मदिरा अहाता दुर्ग कातुलबोड रोड भिलाई 45 लाख 55 हजार, देशी मदिरा अहाता मड़ौदा 40 लाख 68 हजार, देशी मदिरा अहाता चरोदा 11 लाख 90 हजार, विदेशी मदिरा अहाता सुपेला 26 लाख, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता अंजोरा 27 लाख, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता भिलाई-3 (असोगा) 14 लाख 98, देशी कम्पोजिट मंदिरा अहाता नंदनी रोड केम्प- वन 36 लाख 50 हजार, देशी कम्पोजिट मंदिरा अहाता दादर (चरोदा) 21 लाख 50 हजार,देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता कोहका भिलाई 25 लाख 50 हजार, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता ननकट्ठी 20 लाख 15 हजार, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता पोटिया रोड दुर्ग 23 लाख 76 हजार, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता पुरैना 14 लाख 47 हजार, देशी कम्पोजिट मंदिरा अहाता रिसाली भिलाई 34 लाख 67 हजार, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता सुपेला 37 लाख 31 हजार, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता तितुरडीह 34 लाख 22 हजार, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता टी. पी. नगर भिलाई 26 लाख, विदेशी कम्पोजिट मदिरा अहाता अहिवारा 14 लाख 47 हजार, विदेशी कम्पोजिट मदिरा अहाता भिलाई-तीन 30 लाख 12 हजार, विदेशी कम्पोजिट मदिरा अहाता ननकट्ठी 17 लाख 28 हजार, विदेशी कम्पोजिट मदिरा अहाता पोटिया रोड दुर्ग 18 लाख, देशी कम्पोजिट मदिरा अहाता कुगदा कुम्हारी 28 लाख 50 हजार, देशी मदिरा अहाता जामगांव 32 लाख 52 हजार, विदेशी मदिरा अहाता जामगांव 10 लाख, विदेशी कम्पोजिट मदिरा अहाता जुनवानी 32 लाख 85 हजार, विदेशी कंपोजिट मंदिरा गंज चौक दुर्ग 10 लाख 61 हजार में बिका है।

# भारतमाला के प्रभावित गांव से हटाए गए प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

देवादा से अभनपुर तक बन रहे सिक्सलेन कारीडोर प्रोजेक्ट में प्रभावित गांव से बैन हटा दिया गया हैं। सडक के दोनो किनारे करीब सौ मीटर के दायरे को निर्माण होने तक खरीदी बिक्री व अन्य प्रक्रिया के लिए बैन कर दिया गया था। लेकिन

■ परियोजना अंतर्गत कार्य पूर्ण हो चुके ग्रामों में प्रतिबंध

अब इन गांव में निर्माण पूरा हो चुका है। जिसके बाद कलेक्टर ने एक आदेश जारी कर बैन हटा दिया हैं।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने परियोजना निदेशक भारत माला परियोजना तथा अनुविभागीय अधिकारी एवं सक्षम प्राधिकारी भारत माला परियोजना दुर्ग, पाटन से प्राप्त अभिमत के आधार पर भारतमाला परियोजना अन्तर्गत दुर्ग जिला के जिन प्रभावित ग्रामों में भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण हो चुका है। उन ग्रामों में खरीदी, बिक्री, डायवर्सन, बटांकन आदि पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। जिनमें दुर्ग अनुभाग के अंतर्गत ग्राम खोपली तथा ग्राम कोलिहापुरी और अनुभाग पाटन अंतर्गत ग्राम देमार, ग्राम छाटा, ग्राम गोडपेण्ड्री, ग्राम ठाकुराईनटोला, ग्राम तुलसी तथा ग्राम चंगोरी शामिल है। शेष प्रभावित ग्रामों जिनमें अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण नहीं हुई है उनमें प्रतिबंध पूर्व की भांति यथावत रहेगा।

### अधिसूचना किया गया था जारी

भारतमाला परियोजना अंतर्गत दुर्ग जिले के दुर्ग-तहसील के 12 ग्रामों एवं अनुभाग पाटन के 13 ग्रामों की भूमि अधिग्रहण हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 3 (ए) के द्वारा प्रारंभिक अधिसूचना का प्रकाशन भारत के राजपत्र में किया गया है। जिसके अनुसार जिला प्रशासन द्वारा संबंधित ग्रामों के प्रभावित खसरों के दोनों ओर की 100 मीटर तक की भूमि की खरीदी, बिक्री, डायवर्सन, बटांकन आदि पर आगामी आदेश पर्यन्त अस्थायी रूप से प्रतिबंधित किया गया था।

### जयंती पर अहेरी में चला स्वच्छता अभियान

**दुर्ग।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर ग्राम अहेरी में स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद सदस्य भूपेंद्र साहू, सरपंच प्रियंका देशलहरे, उपसरपंच पीताम्बर पटेल, पंचगण सहित अनेक ग्रामवासियों ने सक्रिय सहभागिता की। मुख्य उद्देश्य श्रमदान के माध्यम से ग्राम अहेरी में स्वच्छता को बढ़ावा देना और ग्रामीणों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना था। इस अवसर पर जिपं. अध्यक्ष सरस्वती बंजारे द्वारा श्रमदान किया गया। जिसमें जनपद सदस्य, सरपंच, समस्त पंच एवं ग्राम वाशी उपस्थित थे।



# पोषण पखवाड़ा : कुपोषित बच्चों के लिए सुपोषण टोकरी का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शिवपारा वार्ड 34 के आगनबाड़ी केंद्र 1 में पोषण पखवाड़ा अंतर्गत 15 अप्रैल को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 3 सैम श्रेणी के बच्चे को सुपोषण टोकरी प्रदान की गई। सेक्टर पर्यवेक्षक द्वारा बच्चों के पालकों को बताया गया कि घर में उपलब्ध सामग्रियों से बच्चों को कुपोषण के चक्र से बाहर निकाला जा सकता है। कुपोषण से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में माताओं को बताया गया। शिशु जीवन के प्रथम 1000 दिवस में होने वाले शारीरिक, मानसिक विकास, वजन में वृद्धि और पोषक तत्वों के महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम मे पर्यवेक्षक शशि मानिकपुरी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रानू सोनी, कृष्णा साहू, सहायिका सुशीला निषाद, मितानिन बिंदु राजपूत, गर्भवती, शिशुवती, पालकगण, वार्ड की अन्य महिलाएं तथा बच्चे उपस्थित हुए। बात दे कि पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण 8 से 22 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। पोषण अभियान का मकसद तकनीक और परंपरा के तालमेल से बच्चों एवं महिलाओं के बीच स्वस्थ और पौष्टिक आहार को बढ़ावा देना है।

■ 7वां संस्करण 22 अप्रैल तक आयोजित

# बिना लाइसेंस व्यापार करने वालों पर होगी कार्रवाई, जांच में निकलेगी निगम की टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अधिकांश करदाताओं के मृत्यु होने, प्रॉपर्टी विक्रय एवं प्रॉपर्टी कय, फ्लैट, स्वतंत्र मकान की स्थिति में निगम नामांतरण की प्रक्रिया नहीं कराने की स्थिति में प्रॉपर्टी मालिक का नाम टैक्स रसीद में सही दर्ज नहीं हो पाता है। ऐसी स्थिति में निगम की ओर से मृतक प्रॉपर्टी मालिक के नाम से भी नोटिस, डिमांड इत्यादि जारी होता है, जो उचित नहीं है। इस संबंध में आयुक्त सुमित अग्रवाल ने समस्त करदाताओं से 30 अप्रैल के पहले अपने प्रापर्टी का सही नामांतरण कर नगर निगम के टैक्स रसीद पर उचित नाम दर्ज कराने कहा है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निगम सीमा क्षेत्र सभी दुकानदारों को लाइसेंस बनाना एवं लायसेंस रिनिवल कारवाना अनिवार्य है। टीम दुकानों में जाकर जांच करें। यदि लायसेंस बनाए बिना व्यापार करते पाए जाते हैं तो टीम अमला द्वारा अधिकारियों के मौजूदगी में दुकान सील बन्द की कार्यवाही करें। बिना लाइसेंस के व्यापार करने वालो पर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए जांच में निगम की टीम निकलेगी। बिना लाइसेंस के व्यापार, दुकान सील करने की कार्यवाही करेगी।

■ की जाएगी दुकान सील बंद की कार्रवाई

# आज होगा बड़ा संधारण कार्य शट-डाउन, शाम को नहीं खुलेंगे नल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी दिनों पड़ने वाली भीषण गर्मी में विद्युत संबंधी तकनीकी खामी के चलते पानी सप्लाई बाधित होने से रोकने व शिवनाथ नदी इंटकवेल व फिल्टर प्लांट में किसी भी प्रकार के विद्युत व मशीनरी कार्य में दिक्कत न हो इसे ध्यान में रखते हुए नगर के जल गृह विभाग ने 17 अप्रैल को एक साथ अलग-अलग स्तर पर संधारण कार्य करेगी। जिसके चलते गुरुवार को शहर के 42 एम एल डी प्लांट के किसी भी टंकी से शाम की पाली की पानी सप्लाई नहीं होगी। कार्य की पूर्व तैयारी को लेकर महापौर अलका अलका बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल की उपस्थिति में जल गृह प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश की जलघर स्थित चेंबर में बैठक लेकर विभागीय अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ संधारण कार्य करने व शट डाउन के दौरान आवश्यकतानुसार प्रभावित क्षेत्र में टैंकर की वैकल्पिक व्यस्था करने के निर्देश दिए है। साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आ रही लो प्रेशर, बोरिंग नल मरम्मत जैसे कार्यों के लेट लतीफी के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्रेता श्रीमान ख्वाजा फजलुद्दीन फारुकी आ. स्व. एम.यू फारुकी उम्र 56 वर्ष 33, निवासी-आनंद नगर, वार्ड नंबर 48 सेंट्रल जेल के बाजू, दुर्ग छ.ग.- 491001 ने मेरे पक्षकारगण श्री विजय हीरालाल शाह, श्रीमती लता विजय शाह, श्रीमती स्व. चंदनबाला शाह विधिक वारिसान श्री विजय हीरालाल शाह, हीरालाल फैमिली ट्रस्ट, चंदन स्टेट एंड ट्रेडिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, श्री रवि शाह, श्रीमती नेहल मिहिर छेड़ा के हक, स्वामित्व एवं अधिपत्य की अचल सम्पति जो ब्लॉक-सी एवं डी ग्राउंड फ्लोर पर स्थित 9606 वर्ग फीट, 4 पार्किंग एवं 1 जनरेटर रूम आदि के साथ, 119, व्हाइट हाउस, पार्क स्ट्रीट, ए.जे.सी. बोस रोड, कोलकता पिन-700016 में स्थित है (जिसका पुर्ण विवरण दिनांक 02.12.2023 को निष्पादित इकरारनामा में उल्लेखित है), को क्रय करने का पक्का सौदा हमारे पक्षकारगण से दिनांक 02.12.2023 को निष्पादित इकरारनामा के माध्यम से किया था। जिसमें क्रेता द्वारा एडवांस राशि का भुगतान इकरारनामा दिनांक 02.12.2023 के शर्तों के तहत किया था। परन्तु क्रेता द्वारा इकरारनामा दिनांक 02. 12.2023 के शर्तों के तहत समय सीमा में शेष राशि का भुगतान एवं समय सीमा में उक्त सम्पत्ती का पंजीयन नहीं करने के कारण हमारे पक्षकारगण ने दिनांक 15.04.2025 को एडवांस राशि के पाचास प्रतिशत राशि को राजसात कर दिनांक 02.12.2023 को निष्पादित इकरारनामा को दिनांक 15.04.2025 को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है और अपने अधिवक्ता के माध्यम से उक्त की सूचना लिखित में क्रेता को प्रेषित कर दिया गया है। सर्वसाधारण को एवं क्रेता को उक्त सम्पत्ति के बाबत आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.12.2023 को निष्पादित इकरारनामा दिनांक 15.04.2025 से निरस्त हो चुका है एवं उसका विधिक प्रभाव उक्त दिनांक 15.04.2025 से दोनो पक्षकारो पर बाध्यकारी नहीं होगा अर्थात् विधिक प्रभाव शून्य होगा।

एतद सूचना जानें।

दुर्ग दिनांक 16.04.2025

भवदीय
Shekhar Prakash Srivastava,
Advocate
Supreme Court of India &
Chhattisgarh High Court
Reg. No. S-306
(Supreme Court Bar Association)

# आदित्यवाहिनी ने कलेक्टर और एसपी को सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग।** जामुल नगरपालिका वार्ड 20 सुरडुंग में रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आयोजन समिति के द्वारा अन्य आचार्यों के साथ-साथ एक नकली स्वामी अधोक्षजानन्द देव तीर्थ नामक व्यक्ति को पुरी गोवर्धनपीठाधीष्वर जगद्गुरु शंकराचार्य के रुप में प्रचारित कर आमन्त्रित किया जा रहा है। जिसका धर्मसंघ, पीठपरिषद, आदित्यवाहिनी एवं आनंदवाहिनी छत्तीसगढ़ प्रान्त द्वारा घोर विरोध किया गया है। उन्होने इस मामले को लेकर दुर्ग कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन दिया हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि, वर्तमान में ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्धनमठ पुरीपीठ के 145वें श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य अनन्तश्री विभूषित स्वामी श्रीनिष्चलानन्द सरस्वती महाराज हैं। संस्था ने इस प्रकार के फर्जी व्यक्ति के शंकराचार्य के रुप में अनैतिक आगमन को प्रतिबन्धित करने हेतु छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष से मांग की है। संस्था के प्रतिनिधिमण्डल ने विधानसभा अध्यक्ष डा. रमनसिंह को ज्ञापन दिया। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने इस विषय को अत्यन्त गंभीर मानते हुए गृहमन्त्री विजय शर्मा को कार्यवाही के लिए पत्र भी लिखा है तथा प्रतिनिधिमण्डल ने गृहमन्त्री से मुलाकात कर त्वरित कार्यवाही हेतु अनुरोध भी किया है।

# जीवनदान संस्था ने जयंती पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती पर जीवनदान संस्था भिलाई-दुर्ग द्वारा ग्राम उमरपोटी आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1, 2, 3, 4 में बच्चो को शिक्षा सामग्री वितरण किया गया , साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संगठन द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संगठन के महासचिव योगेश्वर मानिकपुरी ने बताया की डॉक्टर बाबा साहब अम्बेडकर भारत में अपनी शिक्षा के आधार पर भारत के संविधान की नींव रखी और सभी को शिक्षा का महत्व बताया, शिक्षा की ताकत को समझाया। उसी बात को संगठन भी चरितार्थ करने का एक प्रयास कर रहा और आज के दिन ये कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही एक दिवसीय स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन भी रखा गया है। जिसमे पोषण पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती झमित गायकवाड, उप सरपंच सत्यप्रकाश कौशिक, पंच पूर्णिमा कुर्रे, प्रतिभा कोसरे, मंजूलता सोनवानी, तरुण साहू, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक सेक्टर उतई प्रमिला वर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनीता गायकवाड, योगेश्वरी जांगड़े, चंपा चेलक, महेश्वरी सोनवानी, सहायिका नीलम साहू, अंबिका बंजारे, मितानिन सुशीला सोनसागर संतोषी साहू, ज्योतिकम्मो चंद्राकर आदि मौजूद थे।

■ बच्चों को शिक्षा सामग्री का किया वितरण



# ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने घेरा जीएसटी कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं का नाम प्रवर्तन निर्देशालय द्वारा आरोप पत्र दाखिल किया गया। इसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार दुर्ग में भी जिला कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण व जिला कांग्रेस दुर्ग शहर के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर और जिला कांग्रेस दुर्ग शहर अध्यक्ष गया पटेल के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी कर केंद्र सरकार और ईडी की कार्यवाही का विरोध जताया गया। जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि, यह कार्यवाही लोकतांत्रिक विपक्ष के विचार पर सीधा हमला है। यह बदले की राजनीति के अलावा कुछ नहीं है। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, आरएन वर्मा, धीरज बाकलीवाल, परमजीत सिंह, अल्ताफ अहमद, राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, राय सिंह ढ़किोला, नासिर खोखर, रत्ना नामदेव, संदीप वोरा, विवेक मिश्रा, अय्यूब खान, अभिषेक शर्मा, कुसुम कुर्रे, कमल किशोर, संदीप ठाकुर, राहुल शर्मा, शरण डोंगरे, शबाना रानी, कल्याण ठाकुर, मोहित कुमार सहित अन्य कई कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### तहसील स्तरीय कर्मा जयंती समारोह 19 से

**सेलूद।** तहसील साहू संघ पाटन द्वारा विगत 22 वर्षों से तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष का आयोजन झीट परिक्षेत्र के अमलेश्वरडीह में 19 एवं 20 अप्रैल को किया गया है। आयोजन के बारे में मीडिया प्रभारी किशन हिरवानी ने बताया कि कार्यक्रम की व्यापक प्रचार प्रसार पिछले 3 महीनों से किया जा रहा है। पाटन तहसील के 99 इकाइयों में बैठक कर समाज के मुख्य धारा में शामिल सामाजिक जनों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत 19 अप्रैल को कृष्ण कर्मा आरती के बाद 1009 कलश के साथ शोभायात्रा निकालकर की जाएगी। उसके बाद वैवाहिक कार्यक्रम में चुलमाटी, तेलमाटी, हल्दी का रश्म पूरा किया जाएगा। कलश शोभायात्रा के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रिका साहू, विशेष अतिथि देवीश्री साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ, दिव्या कलहारी जिला उपाध्यक्ष, दामिनी साहू जनपद सदस्य सहित अन्य होंगे।

## निधन

### छन्नूलाल तिवारी



**सेलूद।** ग्राम छाटा (सांतरा) निवासी सेवानिवृत्त प्रधान पाठक छन्नूलाल तिवारी उम्र 92 वर्ष का निधन 15 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम छाटा में किया गया। वे दोलेश्वर तिवारी, कौशल तिवारी के पिता और नितेश तिवारी के दादा ससुर थे।

### वल्लभ भाई कारिया



**दुर्ग।** आर्य नगर दुर्ग निवासी वल्लभ भाई कारिया उम्र 78 वर्ष का 15 अप्रैल को निधन को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे जितेंद्र, बंटी कारिया एवं सुरेंद्र पिन्नी कारिया के पिता थे।

### कोकड़ी और मटंग में मनाई गई भक्त माता कर्मा की जयंती

# समाज में फैली बुराई को दूर करने के लिए महिलाओं को आगे आना चाहिए: ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

परिक्षेत्रीय साहू समाज पुरई और ग्रामीण साहू समाज कोकड़ी के तत्वावधान में कुल देवी भक्त माता कर्मा की 1009 वीं दो दिवसीय जयंती समारोह का आयोजन कोकड़ी में सोमवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू थे। अध्यक्षता तहसील साहू संघ के अध्यक्ष पुसऊ राम साहू ने की। विशेष अतिथि परिक्षेत्र संरक्षक जगदीश दीपक, जिला पंचायत सभापति श्रद्धा साहू, उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, हस्तशिल्प बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, तहसील साहू संघ के महासचिव उमाशंकर साहू, सरपंच युगलकिशोर चन्द्राकर, उपसरपंच निर्मला मानिकपुरी मंचासीन थे। कार्यक्रम के पहले दिन महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात समाज की कुल देवी माता कर्मा की सामुहिक पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि कर्मा जयंती के दिन सभी घरों में माता कर्मा की पूजा की जानी चाहिए। साथ ही सभी के घरों में माता कर्मा की फोटो अनिवार्य रूप से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए महिलाओं को आगे आना होगा। समाज में अनुशासन भी जरूरी है। जो समाज को सही रास्ता दिखाएगी। श्री साहू ने कहा कि समाज के बनाए नियमों का कड़ाई से पालन करने की जरूरत है। दिखावे की प्रवृत्ति समाज के लिए घातक है, इसे रोकना होगा। उन्होंने समाज के सदस्यों से कहा कि मीटिंग रखकर अपने पदाधिकारियों को बताएं कि समाज के कौन-कौन से नियम में बदलाव करने चाहिए। समाज मे बहुत गंभीर चिंतन करके समाज में क्या कार्य किया जाना है और कैसे समाज के लोगों को आगे बढ़ाना है, इस दिशा में कार्य करना चाहिए। खर्चीली शादी पर रोक लगाए जाने की आवश्यकता है। अध्यक्षीय उदबोधन में तहसील अध्यक्ष पुसऊ राम साहू ने कहा कि छग में माता कर्मा जयंती का पर्व पूरे श्रद्धाभाव और सामाजिक समरसता के साथ मनाया जाता है। समाज की आराध्य देवी माता कर्मा की जयंती पर पूरे राज्य में शोभायात्राएं, कलश यात्राएं और विविध धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन किया जाता हैं, जिनमें सभी समाजों की भागीदारी से एकता और भाईचारे का संदेश भी प्रसारित होता है। उन्होंने प्रार्थना किया कि माता कर्मा का आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बनी रहे। कार्यक्रम को जगदीश दीपक, सरस्वती साहू, राकेश हिरवानी, उमाशंकर साहू, लक्ष्मी साहू ने भी संबोधित किया। अंत में महिलाओं व बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रतिभावान लोगों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में परिक्षेत्रीय अध्यक्ष खिलावन साहू, लक्ष्मी हिरवानी, अशोक साहू, गिरीश साहू, छबिलाल साहू, गंगोत्री साहू, सीमा साहू, राजेश्वरी साहू, तारा साहू, किशोर साहू, ईश्वर साहू, रोहित साहू, तामेश्वरी साहू, नंदनी साहू, सुचित्रा साहू, नारायणी साहू, लोकनाथ साहू, अभयराम आदि उपस्थित थे।

**महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली**



### माँ कर्मा व कृष्णचंद्र भगवान की झांकी निकालकर गांव का किया भ्रमण

सेलूद। ग्राम मटंग में तेलीकुल की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की 1009 वीं जयंती मनाई गई। कर्मा माता और कृष्णचंद्र भगवान की मनमोहन झांकी के साथ कलश यात्रा निकली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कर्मा माता के आरती के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री छग शासन एवं विधायक पाटन अध्यक्षता अश्वनी साहू पूर्व अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन और विशिष्ट अतिथि डुलेश्वर साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू संघ तेलीगुंडरा, अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, दिनेश साहू जनपद सदस्य पाटन, अमित हिरवानी सरपंच ग्राम पंचायत मटंग, चंद्रप्रकाश वर्मा उपसरपंच ग्राम पंचायत मटंग, पूरन साहू भनसूली की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेश बघेल ने कर्मा माता की जीवनी को बड़ी ही विस्तार से बताते हुए कहा कि कर्मा माता अपनी भक्ति की शक्ति से भगवान का मन जीत लिया। भक्तिन माता कर्मा भगवान कृष्ण चंद्र को खिचड़ी का भोग लगाते थे जो महाप्रसादी के नाम से जाना गया। इसी के नाम से पूराने जमाने के लोग एक दूसरे से महाप्रसाद बधते थे।
आगे श्री बघेल ने कहा कि तेली समाज में दानवीर भामाशाह जैसे महान विभूति ने जन्म लिये हैं। तेली समाज के लोग मेहनतकश होते हैं। कर्मा माता एक महिला होकर भी प्रभु के भक्ति से युक्ती तथा चमत्कार दिखाया। सरपंच अमित हिरवानी ने स्वागत भाषण दिया। साथ ही ग्राम के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। ग्राम तथा समाज के विभिन्न मांगो को लेकर मुख्य अतिथि को आवेदन दिया।



## अंचल की खबरें

### दलितों और पिछड़ों को अधिकार दिलाने किया संघर्ष



**सेलूद।** भाजपा अमलेश्वर मंडल के निर्देशानुसार 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती बूथ 93 लोहरसी के कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व सदस्य जिला पंचायत दुर्ग हर्षा चंद्राकर ने कहा कि डॉ. बीआर अंबेडकर वो शख्स हैं जिन्होंने भारत को उसका संविधान दिया, बाबा साहेब को संविधान का शिल्पकार कहा जाता है। उन्होंने न सिर्फ संविधान निर्माण में सबसे अहम रोल अदा किया बल्कि समाज में दलितों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होने अपना सारा जीवन भारतीय समाज में व्याप्त जाति व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष में बिता दिया। उन्होंने भारतीय समाज में समानता लाने के काफी प्रयास किए। उन्होंने दलितों और पिछड़ों को उनका अधिकार दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उन्होंने हमेशा मजदूर वर्ग व महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। अंबेडकर ने जीवन भर छुआछूत, जातिवाद और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया और कहा 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो।' इस अवसर पर उपस्थित पूर्व मंडल अध्यक्ष ने भाजपा के इतिहास की जानकारी दी और कहा कि भारत की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस है और चार दशकों में पार्टी ने लोकसभा में 2 सीटों से 303 सीटों का लंबा सफर तय किया है। अटल-आडवाणी की जोड़ी से मोदी-शाह की जोड़ी तक पार्टी ने हर दशक में नई उपलब्धि हासिल की। आज भाजपा के 13 करोड़ सदस्य है। कार्यक्रम में ग्राम के 13 वरिष्ठ कार्यकर्ताओ का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर राकेश साहू सरपंच, गणेश चंद्राकर अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति तर्रा, कमल चंद्राकर, अरुण चंद्राकर, नरेंद्र चंद्राकर, अखिल चंद्राकर बूथ अध्यक्ष, रेखराम चंद्राकर अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शाला लोहरसी, भारत साहू, होरीलाल कुर्रे, चैनलाल कुर्रे, धनुष कुर्रे, पतिराम निर्मलकर, संतोष साहू, कोमल चंद्राकर, नारायण ठाकुर, उदयराम ठाकुर, लोकेश चंद्राकर सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

■ लोहरसी के भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया बाबा साहेब की जयंती

### अखिल भारतीय लोधी समाज का हुआ अधिवेशन



**सेलूद।** भारत के महानगरी मुंबई के खारघर में अखिल भारतीय लोधा लोधी लोध महासभा द्वारा लोधेश्वर महादेव, महारानी अवंती बाई लोधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण, पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रीय कार्यकारिणी अधिवेशन मुंबई, महाराष्ट्र में द्वितीय सत्र 13 अप्रैल को आयोजन संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के विभिन्न जिलों के पदाधिकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के मार्गदर्शन व नेतृत्व में कार्यक्रम के लिए विभिन्न जिलों के पदाधिकारीयों तथा छत्तीसगढ़ के साथियों ने भी अधिक संख्या में उपस्थित थे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी अधिवेशन में छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं छत्तीसगढ़ लोधी समाज पदाधिकारियों ने देश के विभिन्न राज्य महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, दिल्ली, राजस्थान, झारखंड व अन्य राज्य से आए हुए पदाधिकारियों से मेल मिलाप किये व राज्य में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में संक्षिप्त चर्चा किये। चर्चा के दौरान राष्ट्रीय पदाधिकारी और आए हुए सामाजिक सदस्यों ने भी अपने क्षेत्र में संपादित किए गए कार्य व संपन्न हुए कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दिये।

अखिल भारतीय लोध लोधा लोधी के राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन सभी राज्यों से आए हुए प्रदेश अध्यक्षों के विचार रखा जाना था। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने अपने विचार प्रकट किया। वर्मा ने राज्य के विभिन्न जिलों से नवोदय विद्यालय में हुए प्रवेश, प्रदेश में चल रहे हैं जाति का जनगणना विभिन्न जिलों में संपादित विभिन्न कार्यक्रम भोजली के संबंध में अपने विस्तृत संबोधन के माध्यम से विचार से अवगत कराया।

### विधानसभा स्तरीय सक्रिय कायकर्ता सम्मेलन

**पाटन।** विधानसभा स्तरीय सक्रिय कायकर्ता सम्मेलन आडोटोरियम में किया गया। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में दुर्ग जिला के निवृत्तमान अध्यक्ष जितेंन्द्र वर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के गठन पश्चात स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के द्वारा प्रधानमंत्री कार्यकाल की उपलब्धि की विस्तार से जानकारी दी। सांसद विजय बघेल ने कहा कि पाटन क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से मुझे दो बार सांसद बनने का सौभाग्य मिला है। इस समय पूरा देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार और पीएम मोदी के नेतृत्व में परचम लहराया है जिसके लिए सभी भाई बहनों को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस पार्टी कहीं नजर आने वाली नही है। पांच साल में समाप्त हो जाएगी। पूरा प्रदेश में नगरीय निकाय जिला पंचायत जनपद एवं ग्राम पंचायत मे भाजपा के लोग जीतकर सरकार बनाने में सफलता हासिल किया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने कहा कि जिले में सबसे ज्यादा साधारण सदस्य और सक्रिय सदस्य बनाने लक्ष्य से ज्यादा किया है। सभी जनपद, नगर पालिका, नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायत में भाजपा के लोग बैठे हैं जो बचे हैं उसे शीघ्र ही संगठन में पद दिया जायेगा और जो पार्टी विरोधी काम किया है उसे बाहर का रास्ता दिखाकर हटाया जाएगा। पार्टी की रीती-निति से जुड़कर काम करने की अपील की। सम्मेलन को जिला उपाध्यक्ष दिलीप कुमार साहू ने संबोधित किया।




### लाइफ केयर डायग्नोस्टिक को सही जांच करने का मिला प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



किसी भी बीमारी का इलाज संबंधित की खून जांच रिपोर्ट पर निर्भर होता है। क्योंकि मरीज देखने के दौरान डॉक्टर को जो-जो परेशानियां मिलती हैं, उन्हें जांच रिपोर्ट से क्रास चेक कर वह उपचार करता है। लेकिन आज के समय खून की सही जांच रिपोर्ट एक चैलेंज है। क्योंकि जिले में संचालित सभी पैथालॉजी लैब, सही जांच रिपोर्ट देने की पुष्टि करने वाली भारत सरकार की एजेंसी (एनएीएल) के अधीन नहीं हैं।

यह एजेंसी उन्हीं लैब को प्रमाण-पत्र जारी करती है, जिनकी जांच रिपोर्ट उनके मानक पर खरी होती है। भिलाई, चंद्रा-मौर्या चौराहे के पास संचालित लाइफ केयर डायग्नोस्टिक सेंटर को इस एजेंसी ने 63 प्रकार जांच के लिए प्रमाण-पत्र दिया है। इसकी जानकारी रविवार को प्रेस-कांफ्रेस कर सेंटर के चेयरमैन मनीष पारख ने सार्वजनिक की है। उनके मुताबिक प्रमाण पत्र जारी करने से पहले एजेंसी ने उनके सेंटर को अपने तय मानक पर आंकलन किया है। बताया कि ढेर सारे पैरामीटर का पालन करने के बाद भी उनके सेंटर पर सभी जांच सामान्य दर में ही की जा रही है। कहा कि इससे फायदा यह कि जहां सही बीमारी की पहचान करने में डॉक्टर की मदद होती है, वहीं मरीज सही दिशा में उपचार होने से शीघ्र स्वस्थ हो जाता है।

### धनोरा में श्री मद्भभागवत कथा का आयोजन

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धनोरा के स्व. गोवर्धन सप्रे के स्मृति में उनके परिवार द्वारा श्री मदभागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके कथा वाचक पंडित तिलेन्दर महाराज राका डोंगरगढ़ वाले महाराज ने दही लूट के मार्मिक कथा बताया एवं झांकी बच्चों के द्वारा दिखाकर सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया एवं सभी भक्तों ने बाजे गाजे के थाप पर नाचने लगे। कथा का समय रोजाना दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक कथा स्थल मां शीतला प्रांगन धनोरा में बाहर से एवं पूरे गांव के लोग उमड़ पड़े हैं। कथा का रसपान करने आगे वासुदेव सप्रे ने कहा कि इस श्री कृष्ण राधा की जन्म एवं विवाह श्रीमदभागवत सुनकर राजा परीक्षित अपने जीवन को धन्यमय कर लिए तो हम भी श्री कृष्ण की कथा रसपान करके अपने जीवन को कृतार्थ किया है। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान वासुदेव सप्रे संगीता सप्रे, उपसरपंच सुंदर सप्रे मुंगा सप्रे, संतोष सप्रे सीता सप्रे इस कथा में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं मेघनाथ तुलसी सप्रे, फेकन बाई, हेमा, रुक्मणी आदि उपस्थित थे।



## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल दुर्ग ने रचा ज़िंदगी बचाने का इतिहास



**भिलाई।** दुर्ग की धरती पर चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम ने 2 वर्षीय मासूम बच्ची के जीवन को बचाकर असंभव को संभव कर दिखाया। बच्ची की बाईं किडनी में विल्म्स ट्यूमर (किडनी का कैंसर) था, जिसे जटिल सर्जरी द्वारा पूरी तरह सफलतापूर्वक हटाया गया। यह सर्जरी दुर्ग संभाग में अपनी तरह की पहली और तकनीकी रूप से अत्यंत चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है। बच्ची को जब अस्पताल लाया गया, तब वह तेज बुखार, पेट में असहनीय दर्द और पेशाब में तकलीफ जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही थीं। इस जीवनरक्षक सर्जरी का नेतृत्व यूरोलॉजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. नवीन राम दारुका ने किया। उन्होंने बताया कि ट्यूमर काफी बड़ा था और बच्ची की जान को सीधा खतरा था। लेकिन आधुनिक सर्जरी तकनीक और विशेषज्ञ टीम की सूझबूझ से यह सर्जरी पूरी तरह सफल रही। विल्म्स ट्यूमर या नेफ्रोब्लास्टोमा बच्चों में होने वाला एक दुर्लभ किंतु गंभीर किडनी कैंसर है, जो आमतौर पर 1 से 4 वर्ष की उम्र में पाया जाता है। इसके लक्षण अक्सर स्पष्ट नहीं होते, लेकिन पेट में सूजन, पेशाब में खून और वजन में अचानक गिरावट इसके संकेत हो सकते हैं। डॉ. दारुका बताते हैं कि यह बीमारी आनुवंशिक भी हो सकती है, लेकिन समय पर जांच और सही इलाज से इसे हराना संभव है जैसा कि इस बच्ची के मामले में हुआ। यह सफलता केवल एक मासूम की जान बचाने की कहानी नहीं है, बल्कि दुर्ग क्षेत्र की चिकित्सा क्षमताओं की एक नई पहचान भी है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए आरोग्यम हॉस्पिटल की टीम को स्थानीय समुदाय से भरपूर सराहना मिल रही है। अब वह बच्ची स्वस्थ है और जल्द ही सामान्य जीवन की ओर लौट रही है। यह सिर्फ एक सर्जरी नहीं, बल्कि उम्मीद, संघर्ष और समर्पण की प्रेरणादायक कहानी है।

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचाने के लिए करें कार्य: भूपेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

बुधवार को नगर पालिका परिषद कुम्हारी के उपाध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अतिथि के रूप में शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर आशीर्वाद मांगा इसके पश्चात कार्यक्रम में पहुंचे नगर के प्रथम नागरिक एवं पालिकाध्यक्ष मीना वर्मा से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी। पदभार ग्रहण समारोह में नगर पालिका कुम्हारी के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व में कांग्रेस शासनकाल में कुम्हारी नगर में बहुत से विकास के कार्य हुए पालिका भवन भी उन में से एक है उन्होंने उपाध्यक्ष को सलाह दी कि वह अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें और नगर के विकास एवं समाज के प्रति बिना किसी भेदभाव से सेवा कर एक उत्कृष्ठ नेतृत्वकर्ता बने। उन्होंने विकास को नगर के अंतिम व्यक्ति तक सत्ता पक्ष से समन्वय बनाकर हर योजनाओं को सरलता से पहुंचाने की बात कहीं और एक जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर सभी को पार्टी की रीति-नीति से जुड़ कर समाज हित में कार्य करने एवं कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने की बात कही। कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी दुर्ग जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, स्वप्निल उपाध्याय, नेता प्रतिपक्ष जानकी ध्रुव, उप नेता प्रतिपक्ष निर्मला कुर्रे, पार्षद यूजेन्द्र साहू, युगेश्वर पटेला, लेखराम साहू, ओमनारायण वर्मा, रामकुमार चक्रधारी, युवराज साहू, रवि साहू, डिकेन्द्र साहू, विकास सोनकर, ललिता ध्रुव, लता खैरवार, पूर्व पार्षद मनहरण यादव, महेश सोनकर आदि उपस्थित थे।

■ कुम्हारी पालिका में उपाध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री

### गोपेश बने युवा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** परशुराम जयंती की विशेष तैयारी के मध्य ब्राह्मण समाज ने गोपेश शर्मा को अपना युवा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष चुना। आभार भाषण में गोपेश शर्मा ने समाज द्वारा देशहित में किए गए योगदान को दोहराते समस्त ब्राह्मण समाज को लाल बहादुर शास्त्री और नितिन गडकरी जैसे नेताओं का अनुशरण करने की सलाह दी। ईशान शर्मा सचिव व प्रणव शर्मा कोषाध्यक्ष पद हेतु नियुक्त किए गए।



# भिलाई इस्पात संयंत्र के मैत्रीबाग जू में जल्द आएंगे नए मेहमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

## जंगल सफारी से लाया जाएगा एक जोड़ा तेंदुआ और कानन पेंडारी से आएगा क्रोकोडायल

बीएसपी के मैत्रीबाग चिड़ियाघर में जल्द नए मेहमान आएंगे। इसके लिए तैयारी चल रही है। नए वन्य प्राणियों के आने से जू की रौनक बढ़ जाएगी। सैलानी नए आकर्षक जानवरों को नजारा ले सकेंगे। मैत्रीबाग जू में एक लंबे समय के बाद कुछ नए वन्य प्राणियों को लाए जाने की तैयारी चल रही है। यहां चिड़ियाघरों से जानवरों के एक्सचेंज की योजना के तहत दो प्रजाति के चार जानवर लाए जाएंगे। इसके तहत जंगल सफारी रायपुर से एक जोड़ा लेपर्ड (तेंदुआ। यहां लाया जाएगा। एक युवा नर और मादा तेंदुआ के मैत्रीबाग आ जाने से आगे इस प्रजाति की संतति बढ़ने की समस्या का निदान हो जाएगा। मैत्रीबाग में अभी सिर्फ नाम की एक तेंदुआ बचा है। राधा नाम की तेंदुआ 19 साल की हो चुकी है। उसके सिंगल और वृद्ध होने से इस प्रजाति के परिवार बढ़ने की समस्या बनी हुई है। राधा की मौत के बाद कैज ( पिंजरा) खाली हो जाएगा। इसे देखते हुए बीएसपी मैत्रीबाग प्रबंधन द्वारा रायपुर जंगल सफारी से एक जोड़ा तेंदुआ यहां लाए जाने की प्रक्रिया शुरु हो गई है। इसके बदले में मैत्रीबाग से एक वाइट टाइगर जंगल सफारी भेजा जाएगा। इसके अलावा मैत्रीबाग में कानन पेंडारी बिलासपुर से एक क्रोकोडायल ( मगर ) मंगाया जा रहा है। करीब साल भर पूर्व एक क्रोकोडायल यहां लाया जा चुका है। इन वन्य प्राणियों के आने से मैत्रीबाग की रौनक और बढ़ जाएगी। मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनके जैन ने बताया कि नए वन्य प्राणियों के यहां मंगाए जाने के प्रयास जारी हैं। इसके लिए जंगल सफारी और कानन पेंडारी से पत्राचार चल रहा है। प्रक्रिया पूर्ण होने और दोनों चिड़ियाघरों तथा सेंट्रल जू अथारिटी से अनुमति मिलते ही नए जानवरों का लुत्फ यहां सैलानियों को मिलने लगेगा। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने 6 अप्रेल के अंक में ,,फीकी पड़ रही भिलाई की शान मैत्रीबाग की चमक, नहीं आ रहे नए जानवर,, शीर्षक से खबर प्रकाशित कर प्रबंधन का ध्यानाकर्षित किया था।



### लेपर्ड के लिए बन रहा नया बाड़ा

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में एक जोड़ा लेपर्ड (तेंदुआ) की आमद को देखते हुए तैयारी चल रही है। दोनों नए मेहमानों के लिए नया बाड़ा ( कैज) बनाया जा रहा है। कुछ दिनों में यह बनकर तैयार हो जाएगा। लोहे की जाली का नया कैज वाइट टाइगर के कैज के निकट बनाया जा रहा है। इसके कुछ दूरी पर पुराने मादा तेंदुआ का कैज है। यह पुराना और थोड़ा छोटा है।

## खबर संक्षेप



### बोर्ड के अध्यक्षों ने ली शपथ, दया हुए शामिल

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन ने पिछले दिनों 20 मंडल और आयोग के अध्यक्षों की नियुक्ति की थी। उनमें से तीन बोर्ड अध्यक्षों संजय श्रीवास्तव, राजीव अग्रवाल और नीलू शर्मा ने बुधवार को रायपुर में पदभार ग्रहण किया। आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भिलाई निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने छग स्टेट सिविल सप्लाईज कारपोरेशन (नागरिक आपूर्ति ) के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल और नीलू शर्मा को बधाई दी।

### स्कूली बच्चों ने किया नेवई थाने का भ्रमण



**भिलाई।** शहर के स्कूली बच्चों को नेवई पुलिस थाना में आमंत्रित करके थाना प्रभारी ट्रेनी आईपीएस राहुल बंसल द्वारा पुलिस स्टेशन का भ्रमण कराया गया। इस दौरान पुलिस के कार्यों और गतिविधियों से रूबरू कराया गया। नई पीढ़ी पुलिस से संपर्क करने में असहज महसूस ना करें। परन्तु उन्हें अपना मित्र ही समझे। बच्चों को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई।

### गर्मी से राहत पाने प्याऊ घर का शुभारंभ



**सेलूद।** अप्रैल का माह लगते ही गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह 10 बजे से चलने वाली गर्म हवा के कारण आमजन का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। लगातार तापमान में प्रतिदिन वृद्धि होते जा रही है। राहगीरों के सूखे कंठ तर करने के लिए निः शुल्क प्याऊ सहारा बने है। पाटन चौक सेलूद निवासी राजू साहू व साथियों के द्वारा बजरंग चौक सेलूद में सार्वजनिक प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। मौके पर पाटन जनपद सदस्य खिलेश मारकंडे ने कहा कि बढ़ते गर्मी को देखते हुए अधिक से अधिक संख्या में सार्वजनिक प्याऊ घर खोलने का कार्य समाज सेवी लोग करते जा रहे है ।

### अब सेक्टरों के बाजारों की बदलेगी तस्वीर

# नगर सेवाएं विभाग सेक्टर छह और दस मार्केट का कर रहा उन्नयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

टाउनशिप के प्रमुख बाजारों की शीघ्र ही तस्वीर बदलेगी। भिलाइ इस्पात संयंत्र का नगर सेवाएं विभाग अब बाजारों व नालियों, सड़कों की साफ–सफाई के सा आवागमन को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए कार्य कर रहा है। बाजारों के उन्नयन की शुरुआत सेक्टर–10 और सेक्टर–6 के बाज़ारों से हुई है। सेक्टर–10 मार्केट में पार्षद के सहयोग व सुझाव से नाली निर्माण के लिए नई पाइपलाइन डालने तथा सड़क की मरम्मत का कार्य भी प्रारंभ किया गया है। सेक्टर–6 में भी बाजार के चारों ओर की नालियों की मरम्मत और साफ–सफाई भी शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। पूर्व में पार्किंग, सड़क चौड़ीकरण, चौराहों का उन्नयन एवं नवीनीकरण का कार्य किया गया है। रूआबांधा के निकट पंथी चौक से नेहरू नगर फ्लाई ओवर तक की सड़क के चौड़ीकरण का कार्य इन दिनों तीव्रता से प्रगति पर है वहीं नगर सेवाएं विभाग चौक से सेक्टर–6 कोतवाली थाने तक की सड़क का चौड़ीकरण भी लगभग पूरा हो चुका है। कुछ स्थानों पर पेवर ब्लॉक और नालियों के अधूरे कार्य के कारण चौड़ीकरण का जो कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है उसे भी भविष्य में कार्यान्वित करने का प्रयास किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त सभी चौराहों की पेंटिंग, मरोदा की ओर जाने वाले चौराहों, डिवाइडरों की मरम्मत और उन्नयन, सभी प्रमुख सड़कों की मरम्मत और डामरीकरण, सभी सेक्टरों और सड़कों की जानकारी देने वाले साइन बोर्ड, बस स्टॉप की रंगाई–पोताई के साथ ही शासकीय भवनों के अनुरक्षण और वाइटवॉष का कार्य इस वित्त वर्ष में किया गया है। इसके साथ ही इस्पात नगरी के सभी प्रमुख चौराहों में ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरे की स्थापना का कार्य भी गति पर है। शीघ्र ही इस कार्य के पूर्ण होने से नगरवासियों की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। यह कार्य जिला के पुलिस प्रषासन और भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से किया जा रहा है। इसके साथ ही बोरिया गेट चौराहे की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने हेतु सुविधाओं में निरन्तर उन्नयन के प्रयास किए जा रहे हैं। 1 अप्रैल 2025 से प्रारंभ नए वित्त वर्ष में नगर सेवाएं विभाग, नई परियोजनाओं पर कार्य करने की ओर विचार कर रहा है। हर वर्ष की तरह किए जाने वाले नियमित कार्यों के साथ ही इस्पात नगरी के सभी सेक्टरों के बाज़ारों में सुविधाओं को बढ़ाने, शौचालयों का निर्माण एवं मरम्मत, नालियों का अनुरक्षण और बाज़ार परिसर की सड़कों की मरम्मत का कार्य भी वित वर्ष 2025–26 में किया जाएगा।

### नालियों की मरम्मत और साफ-सफाई शुरू की जाएगी



# भाई है तो क्या हुआ उसे भी फांसी की सजा मिलनी चाहिए: बुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

मासूम के साथ अनाचार के बाद हत्या करने वाले आरोपी चाचा को पुलिस ने गिरफ्तार किया। लेकिन पहले परिजन उसकों आरोपी मानने से इंकार करते रहे थे। इतना ही नहीं परिजन आरोपी चाचा की गिरफ्तारी के बाद मामले की सीबीआई जांच की मांग करते रहे। उधर डीएनए रिपोर्ट आने के बाद परिजनों को पुलिस की जांच पर भरोसा जताते हुए सहयोग करने की बात कही है। इस दौरान मासूम की बुआ व दादा ने कहा कि पुलिस ने सारे सबूत दिखाए, जिसमें मासूम का चाचा और मेरे भाई ने घटना को अंजाम दिया है। उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए। परिवार के लोगों कों भी अब पुलिस पर भरोसा है। उनकी बदौलत ही संदेह खत्म हुआ और सच्चाई हम लोगों के सामने आई है। परिजनों ने माना अब सीबीआई की जांच की जरुरत नहीं है। पुलिस खुद निष्पक्ष जांच कर आरोपी तक पहुंची है। परिजनों का कहना है कि पहले मासूम का चाचा सही था। लेकिन ये कैसे हो गया, इस बारे में नहीं पता है। लेकिन दोषी है, तो उसे सजा जरुर मिलनी चाहिए। इतना ही नहीं परिजनों ने यहां तक बोला कि इस तरह के घटनाओं में आरोपी जो भी हो उसे भी फांसी की सजा मिलनी चाहिए। एसपी जितेंद्र शुक्ला द्वारा गठित एसआइटी अपनी जांच में आगे बढ़ती रही। आरोपी को दोषी सिद्ध करने के लिए साक्ष्य जुटाने में जुटी पुलिस ने संदेहियों को पकड़कर शुरुआती दौर पर पूछताछ की थी।

### एसआईटी टीम ने भी लिया बयान

मिली जानकारी के मुताबिक रिपोर्ट में स्पष्ट होने के बाद एसआईटी टीम ने परिजनों का बयान लेकर जांच को आगे बढाया है। उधर अब परिजनों की ओर से पुलिस को पूरी तरह से जांच में सहयोग किया जा रहा है। टीम मासूम के घर भी पहुंची थी। जहां सभी के बयान भी लिए गए है। उधर टीम ने आरोपी चाचा के कमरे को खंगाला। साथ ही घटनास्थल का भी मुआयना किया। पुलिस जिस तेजी से जांच कर रही है। आरोपी चाचा को जल्द सजा मिलने के आसार दिख रहें है।

### परिजनों ने जताया भरोसा

“ पुलिस की टीम फिर से परिवार वालों के बयान के लिए पहुंची। परिवार के लोग पुलिस से मिले और जांच में सहयोग करने का भरोसा जताया है। आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने की बात कही है। डीएनए रिपोर्ट में वस्तु स्थिती स्पष्ट हो गई है। पुलिस की जांच से परिवार संतुष्ट है।

\- **सुखनंदन राठौर**, एएसपी

# भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन जिसमें 12 करोड़ से ज्यादा सदस्य: सांसद बघेल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भाजपा का विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन बुधवार को सांस्कृतिक भवन जामुल में हुआ। अहिवारा विधानसभा के इस सम्मेलन में सांसद विजय बघेल, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, सांवला राम डाहरे सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए।

■ अहिवारा में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में शामिल हुए सांसद विजय

बघेल ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इसके 12 करोड़ से ज्यादा कार्यकर्ता हैं, पूरे देश में सबसे ज्यादा सक्रिय सदस्य हैं। जनता को दिल में बसाए हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं सबका साथ सबका विश्वास। भारत विश्व गुरु बनेगा। पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि 6 मंडल में सक्रिय सदस्य का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यकर्ताओ का सम्मान भाजपा में ही होता है। वे कभी बूथ के अध्यक्ष थे, आज पार्टी ने उन्हें जिला संगठन की कमान सौंप दी है। मंच संचालन बिजेंद्र सिंह, अनुज साहू ने किया। कार्यक्रम में जामुल पालिका के अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर, रविशंकर सिंह, प्रेमलाल साहू, अशोक बाफना, शशि बघेल, रेखराम बंछोर, उपासना साहू, मिथिलेश खिचरिया सहित अन्य मौजूद थे।

# दुकानदारों को बकाया राशि और समेकित कर का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के अंतर्गत बेरोजगार लोगों को रोजगार प्रदान करने के लिए गुमटी प्रदान की गई थी। जिसमें उन्हे प्रतिमाह किराया जमा करना था, परन्तु उनके द्वारा दुकान किराया एवं समेकित कर जमा नहीं किया जा रहा है। उनसे दुकान किराया एवं समेकित कर जमा करने के लिए नगर निगम भिलाई द्वारा नोटिस भी जारी किया गया है। जो दुकानदार नहीं मिल रहे हैं, उनके दुकान के सामने नोटिस चस्पा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत हितग्राहियो को जो भी दुकान आबंटित किया गया है, उसकी माह अनुसार बकाया राशि जमा करना अनिवार्य है। आज प्रियदर्शिनी परिसर के दुकानों में दुकान किराया एवं समेकित कर जमा करने के लिए नोटिस प्रदान किया गया है। निगम के कर्मचारी उन्हे जाकर समझा रहे थे कि अपनी किस्त की राशि तत्काल जमा कर दें। अन्यथा नगर निगम अधिनियम 1956 के तहत कार्यवाही की जावेगी। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी आवेदन की होगी, साथ ही आबंटन भी निरस्त हो सकता है। जो आबंटिती पैसा जमा कर देगे, उन्हे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं वर्तमान समय का 1 नग फोटो जमा करना होगा। इससे उनके नाम का आनलाईन आई.डी. जनरेट हो जाएगा। जिससे उनको एक प्रमाणिकता मिलेगी, भविष्य में उसी आधार पर अपना व्यापार और आगे बढ़ा सकेगें। शासन की यह एक महत्वकांक्षी योजना है, सबको लाभ लेना चाहिए।




# सिम का झांसा देकर दो लोगों से की गई ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सिम का झांसा देकर दो लोगों से ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि हाउस नंबर 165 ग्राम हनोदा दुर्ग निवासी राजेश सपहा स्कूल चौक, ग्राम हनोदा मे सिम लेने गया था। जहां छतरी लगाकर सिम बेंचने वाला एक व्यक्ति आधार कार्ड से लाईव फोटो व बायोमेट्रिक लेकर पीड़ित के नाम से दूसरे को सिम आबंटित कर दिया। पीड़ित को इसकी कोई जानकारी तक नहीं बताया। पीड़ित वाहन मैकेनिक का काम करता है। घटना 8 मार्च का है। 1 सिम लेने के लिए पीड़ित ने अपना आधार कार्ड दिया। दो बार लाइव फोटो और बायोमेट्रिक में अंगूठा लगवाया। साइबर पुलिस दुर्ग के माध्यम से घटना की जानकारी हुई। वहीं दूसरी घटना कसारीडीह पदमनाभपुर दुर्ग निवासी ऋषि निर्मलकर के साथ हुआ है। ऋषि ने विशाल मोबाईल सुभाष नगर दुर्ग में सिम खरीदने गया था। विशाल मोबाईल में कार्यरत कर्मी आधार कार्ड से लाईव फोटो व बायोमेट्रिक लेकर सिम नंबर दूसरे को आबंटित कर दिया। ऋषि घर में कपड़ा प्रेस करने का काम करता है। वर्ष 2023 दिसंबर माह में अपने घर के पास विशाल मोबाइल सुभाष नगर से नया सिम लेने गया था। दो बार लाइव फोटो एवं बायोमेट्रिक अंगूठा लगवाया और प्रोसेस पूरा नहीं होने का झांसा देकर वर्ष 2024 जनवरी माह में दोबारा विशाल मोबाइल सुभाष नगर गया तो वही कर्मी ने सिम लेने के लिए अपना आधार कार्ड दिया। दो बार लाइव फोटो और बायोमेट्रिक में अंगूठा लगवाया। घटना की जानकारी साइबर पुलिस दुर्ग से हुई है।

■ घटना की जानकारी साइबर पुलिस दुर्ग से हुई

### पीएनबी हाफ मैराथन में मिला स्वर्ण पदक

# दिल्ली मैराथन में भिलाई के मिल्खा सिंह भागवत राम ने लहराया परचम, बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध मैराथन धावक और मिल्खा सिंह के नाम से चर्चित भिलाई के भागवत राम नेताम ने दिल्ली में आयोजित दो मैराथन प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर प्रदेश इस्पात नगरी का गौरव बढ़ाया है।

भागवत राम नेताम ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में आयोजित पीएनबी हाफ मैराथन दिल्ली में 51 से 60 वर्ष आयु वर्ग श्रेणी में स्वर्ण पदक अर्जित किया। यह कार्यक्रम पंजाब नेशनल बैंक के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।

इस उपलब्धि के बाद श्री नेताम ने दिल्ली में हुई ‘खेलो मास्टर्स नेशनल गेम्स’ के चौथे संस्करण में भाग लिया। प्रतियोगिता में उन्होंने एथलेटिक्स श्रेणी में तीन कांस्य पदक अर्जित कर अपनी बहुआयामी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने 5,000 मीटर दौड़ को मात्र 19.2 मिनट में पूरा करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया।



### अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में लेंगे भाग

उन्होंने 1,500 मीटर दौड़ में 5.21 मिनट का समय लेकर पुनः कांस्य पदक अर्जित किया। इसके अतिरिक्त, 3 हजार मीटर मैराथन को 35 मिनट में पूरा कर तीसरा कांस्य पदक भी अपने नाम किया। इन उपलब्धियों के साथ ही उन्होंने अब श्रीलंका में होने वाली आगामी अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप तथा इसी प्रकार की अन्य अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए भी पात्रता अर्जित कर ली है। थनौद ग्राम के नेताम बीएसपी के सिन्टर प्लांट–2 में इंजीनियरिंग एसोसिएट के पद पर कार्यरत हैं।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 17 अप्रैल 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04 यूरोपियन जलवा



चिकनी, और दोमट मिट्टी से तैयार किए नए मटके, प्राकृतिक रूप से प्यास बुझाने जड़ों से जुड़ रहे लोग

# प्राकृतिक हवा में रखे देसी फ्रिज, मिलेगा कूल वाटर बिलासपुर और चांदिया के मटके मिल रहे ऑन डिमांड

भीषण गर्मी में मटके का ठंडा पानी बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की पहली पसंद बन जाता है और यह सेहत के लिए भी फायदेमंद भी होता है। इस मौसम में कुम्हारों द्वारा मिट्टी के मटके, घड़े, सुराही, बोटल और गिलास जैसे बर्तन तैयार किए गए है। जिसे सभी चौक-चौराहों में सजी दुकानों से लोग खरीद रहे है।



**भिलाई।** दुकानदार रौशन ने बताया कि इस बार जयपुर व गुजरात के साथ ही मध्यप्रदेश के चांदिया और बिलासपुर के मटक, और ड्यूटी के लिए लोग मिट्टी के बोटल की काफी डीमांड कर रहे है ताकि उन्हें घर से बाहर भी देसी फ्रीज का कूल वाटर मिल सके। साथ ही ठंडे पानी के लिए मटके को हमेंशा प्राकृतिक हवा के स्थान यानी खुले में रखना चाहिए ताकि बाहर की नेचुरल हवा मटके को मिलती रहे। प्राकृतिक रूप से प्यास बुझाने के लिए लोग अपनी जड़ों से जुड़ रहे है। चौक-चौराहों पर सजे मटके की दुकानों में खरीददारी बढ़ी है। दुकानदारों का कहना है कि बाहर और लोकल के मटके डेढ़ सौ, तीन सौ से लेकर छ सौ तक बिकने वाले मटके और मिट्टी की बोतल में 24 घंटे पानी ठंडा रहेगा।

## इस बार खूबसूरत आर्ट वाले मटके

शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर गर्मी के से पहले ही मिट्टी के बर्तनों की दुकाने सज गई थी लेकिन कई लोग परंपरानुसार नवरात्र और सतुआन पर्व में दान करने के बाद ही मटके का उपयोग करते है। बाजार में नई डिजाइन के बर्तन ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। सेक्टर 6 में कई सालों से दुकान लगाने वाले रौशन ने बताया कि अब लोग सेहत का ध्यान देते हुए फ्रीज के पानी को किनारे कर देसी फ्रीज यानी मटके व सुराही का प्राकृतिक ठंडा पानी पीने लगे है। मटके के साथ ही ड्यूटी के लिए मिट्टी के बोटल्स भी 150 से 220 तक बिक रहे हैं। इस बार बर्तनों में न केवल आकार में विविधता है, बल्कि उनकी डिजाइन भी नई और आकर्षक है। ।

## एक बार फिर जड़ों से जुड़ रहे लोग

गर्मी के मौसम में घड़े का ठंडा पानी ही सुकून दे पाता है। आजकल जहां हर घर में फ्रिज जैसी आधुनिक सुविधाएं मौजूद है, वहीं इसके बावजूद लोग गर्मी में घड़े खरीदने को प्राथमिकता दे रहे हैं। लोग एक बार फिर अपनी जड़ों से जुड़ने की ओर बढ़ रहे हैं और प्राकृतिक रूप से अपनी प्यास बुझाने का तरीका अपना रहे हैं।

## गुजरात, जयपुर, चांदिया व बिलासपुर के मटके

इस साल गर्मी के मौसम में जयपुर, गुजरात, मध्यप्रदेश के चांदिया और बिलासपुर से मटके और बोतल की भारी मांग हो रही है। दुकान संचालक ने बताया कि गर्मी में मिट्टी के बर्तनों की खरीदारी में वृद्धि होने के कारण इस बार हर जगह मटके और बोतल बिक रहे हैं। बीते कुछ वर्षों में लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक हो गए हैं और चिकित्सकों की सलाह पर अब मिट्टी के बर्तन खरीदते हैं। इस समय चिकनी मिट्टी से बने चांदिया एमपी के घड़े की विशेष मांग है, क्योंकि ये लंबे समय तक पानी को ठंडा रखते हैं। इन घड़ों का निर्माण केवल गर्मी के दिनों में अन्य राज्यों से किया जाता है और लोग इनका इंतजार सालभर करते हैं। इस साल जयपुर और गुजरात के घड़े भी लोगों की पहली पसंद बने हैं। जयपुर और गुजरात के घड़े तीन साईज में 350, 450 व 600 रुपये में बिक रहे हैं। कुम्हारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए मटकों में नई डिजाइन भी तैयार की है, जो बर्तन की बिक्री को और बढ़ावा दे रही है।

## दुकानों में सजे डिजाइनर बर्तन

गर्मी के मौसम की शुरुआत के पहले से ही मिट्टी के बर्तन की मांग तेजी से बढ़ गई थी। रौशन ने बताया कि लोकल क्षेत्र में बानबरद, रायपुरा और आसपास गांव के कुम्हारों से भी आए मटके बिक रहे हैं। दुकान संचालक पंकज ने बताया कि इस वर्ष बाजार में डिजाइनर बर्तनों की बिक्री में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इन बर्तनों की कीमत 80 रुपए से लेकर 300 रुपए तक तय की गई है और इनकी डिजाइन लोगों को आकर्षित कर रही है।

## अलग-अलग मिट्टी से बने मटके

दुकानदारों ने बताया कि लंबे समय तक ठंडा रखने वाले मटके ही बाजार में बिक रहे है। जो कि वहां की मिट्टी के अनुसार अलग-अलग प्रकार की मिट्टी का उपयोग कर बनाया गया हैं। चांदिया, जयपुर में रेतीली मिट्टी और बिलासपुर व लोकल में काली और दोमट की मिट्टी से बनाए गए मटके गर्मी में पानी को ठंडा बनाए रखने में सक्षम होते हैं। काली मिट्टी की खासियत यह है कि यह पानी को ठंडा रखने में अधिक प्रभावी होती है, जबकि दोमट मिट्टी में नमी बनाए रखने की खास क्षमता होती है। मिट्टी से बने मटके भी अपनी संरचना के कारण पानी को ठंडा रखने में कारगर होते हैं। इस तरह की विविधता से मटके का उपयोग सिर्फ पारंपरिक नहीं, बल्कि अधिक प्रभावी और प्राकृतिक तरीका बन चुका है, जो शरीर के लिए भी फायदेमंद साबित होता है।



लाइव इवेंट

## माता कर्मा जयंती में निकली शोभायात्रा, गूंजा दानवीर भामाशाह का जयकारा



**भिलाई।** मैत्री कुंज प्रगतिनगर, सत्यम चौक नेवई बस्ती, कातरो में साहू समाज द्वारा आयोजित भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंती समारोह में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने महाप्रसाद खिचड़ी ग्रहण किया। कर्मा जयंती पर नगर में कलश यात्रा निकली, जिसमें भक्त माता कर्मा और दानवीर भामाशाह जयकारे से नगर गूंज उठा। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और समाज के उत्थान के लिए काम करने वाले सम्माननीयजानों, नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। ललित चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में साहू समाज पूरी दृढ़ता, ईमानदारी, परिश्रम एवं मजबूती के साथ खड़ा है। साहू समाज मेहनतकस होने के साथ-साथ धार्मिक प्रवृत्ति वाला है। यह एक ऐसा समाज है, जो नशे से दूर रहकर व आर्दश विवाह शुरू कर राज्य के विकास में अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने भक्त माता कर्मा का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपने भक्ति बल पर बालक श्रीकृष्ण का आव्हान किया था। साहू समाज के लोग वर्तमान में कृषि, प्रशासन, व्यवसाय, राजनीति सहित सभी क्षेत्रों में में आगे बढ़ रहे हैं और विकास में अपना योगदान कर रहे हैं। साहू समाज ने हमेशा मुझे अपार स्नेह व सम्मान दिया है। उन्होंने बताया कि माता कर्मा की 1009वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कर्माधाम परिसर में माता कर्मा को समर्पित डाक टिकट का विमोचन किया। कार्यक्रम में समाजसेवी दीपक ताराचंद साहू, संतोष साहू, मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, पार्षद रमा साहू, एमके साहू, डॉ. सरिता साहू, कबीर साहू, राजू जंघेल, देवा साहू सहित अन्य मौजूद थे।

लाइव इवेंट

## दुर्ग से हरीश साहू को मिला प्राइड ऑफ टीचर अवार्ड, धमतरी में सम्मानित



**भिलाई।** समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम गोंडवाना भवन धमतरी में संपन्न हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ से 80 प्रतिभावान व्यक्तियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग जिले से इंटरनेशनल कराते मास्टर हरीश साहू को शैक्षणिक कार्य, छात्र प्रोत्साहन, खेलकूद, साक्षरता वृद्धि, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन, अंधश्रद्धा निर्मूलन, दत्तक पुत्री योजना, गुणवत्ता, नशाबंदी, लोककला, साहित्य, संस्कृति, व्यक्तित्व विकास एवं समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में बहु आयामी रचनात्मक माध्यमों से सकारात्मक परिवर्तन व महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समता साहित्य अकादमी के पदाधिकारी संरक्षक सुशीला देवी वाल्मीकि, प्रांताध्यक्ष जीआर बंजारे, महासचिव प्रेम साइमन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

सिटी इवेंट

## सांसद बघेल और विधायक देवेंद्र को किया सम्मानित, देश भक्ति गीतों की दी प्रस्तुति



**भिलाई।** तथागत समाज कल्याण समिति द्वारा पावर हाउस चौक आंबेडकर मार्केट में भोजन दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती के अवसर पर यह आयोजन किया गया, जिसमें 10 हजार से ज्यादा लोगों को भोजन कराया गया। संस्था द्वारा पिछले करीब 20 वर्षों से यह आयोजन किया जा रहा है। तथागत कल्याण समिति के सभी सदस्यों के सहयोग से ही यह विशाल भोजन दान का आयोजन किया गया। इस भोजन दान कार्यक्रम में समिति की उप समिति तथागत महिला समिति द्वारा भोजन दान में सहयोग किया गया। म्यूजिकल ग्रुप द्वारा गीतों की प्रस्तुति दी गई। सांसद विजय बघेल कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने भोजन परोस कर भोजन किया। उन्होंने मंच से एक गीत भी गाया। इस गीत के माध्यम से देशवासियों को सन्देश भी दिया कि आपस में प्रेम करो देश प्रेमियों। समिति ने उन्हें शाल एवं पंचशील का दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र यादव भी शामिल हुए। उन्हें भी सम्मानित किया गया।

# जैन संतों को मिले सुरक्षा, उन पर हमले से पूरी मानवता होती है घायलः जैन समाज

**दुर्ग।** नीमच मध्य प्रदेश में जैन संतों पर हुए हमले की पूरे देश में निंदा हो रही है। इसे लेकर बुधवार को सकल जैन समाज एवं ओसवाल पंचायत शांति मार्च निकाला। वर्धमान जैन भवन से रैली शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां सकल जैन समाज के सदस्यों ने कलेक्टर अभिजीत सिंह को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें जैन संतों को पुलिस सुरक्षा दिलाए जाने की मांग की गई। साथ ही जैन संतों पर हुए प्राण घातक हमले की निंदा की गई। ऐसे लोगों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। समाज के लोगों ने कहा कि जैन संत जब बिहार की यात्रा पर होते हैं, तो उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए।

बता दें कि मध्यप्रदेश के नीमच जिले के सिंगोली कस्बे से 7 किलोमीटर दूर एक दुर्भाग्यपूर्ण और हृदयविदारक घटना सामने आई है। हनुमान मंदिर में रुके तीन जैन मुनि सुशील मुनि, बलभद्र मुनि, मुनेंद्र मनी मुनि पर लाठी-डंडों से हमला किया गया। ये वही संत हैं, जो तप, त्याग और अहिंसा के मार्ग पर चलकर समाज को शांति और करुणा का संदेश देते हैं। इस मामले में अब तक राजस्थान के 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। समाज के लोगों ने कहा कि अहिंसा की राह पर चलने वालों को हिंसा का शिकार बनते देखना, केवल एक धर्म की नहीं, पूरे मानव धर्म की हार है। ज्ञापन सौंपने वालों में श्रमण संघ, ज्ञानगक्ष परिवार, साधुमार्गी जैन संघ, मूर्ति पूजक संघ, वर्धमान पंचायत, स्थानकवासी जैन श्रावक संघ, जयमल संप्रदाय, तेरापंथ जैन समाज, सकल दिगंबर जैन पंचायत सहित अन्य संस्थाओं से जुड़े जैन समाज के लोग उपलस्थित थे।



# बस स्टैंड में खुला सार्वजनिक प्याऊ, यात्रियों की बुझेगी प्यास

**दुर्ग ।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के निर्देश पर प्रदेश व्यापी प्याऊ घर खोला जा रहा है। इस कार्यक्रम में राज्य उपाध्यक्ष सुनीता संजय बोहरा, अशोक देशमुख, जिला मुख्य आयुक्त जीत यादव, वर्षा ठाकुर, हेमा चंद्रवंशी, सरस्वती गिरिया के निर्देश पर प्याऊ घर खोला गया। सदस्यों ने कहा कि अधिक संख्या में शहर के चारों ओर शीतल प्याऊ घर खोला जाना है। प्याऊ घर सेवा की शुरुआत की गई है। गर्मी बढ़ती जा रही है, जिसमें आने जाने वाले राहगीर गर्मी से राहत पहुंचाने बस स्टैंड में एक और प्याऊ घर प्रारंभ किया गया है। आयोजित कार्यक्रम में मोहन लाल साहू, नोमिन साहू, तृप्ति कश्यप, माया एस पेठकर, रेखा शर्मा, ऐश्वमीन बंजारे एवं नीता त्रिपाठी मौजूद थे



बंगाली नववर्ष पोइला बोइशाख पर प्ले बैक सिंगर अंकन ने अपनी टीम के साथ दी प्रस्तुति

# द लीजेंट ऑफ बंगाल...महापुरुषों की तस्वीरें लगाकर उनके योगदान को किया याद, बंगाली गीतों ने बांधा समां

कार्नर न्यूज



सिविक सेंटर के ओपन एयर थियेटर में एक अनोखा कार्यक्रम हुआ। बंगाली समुदाय ने अपने नए साल के स्वागत में यह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें प्ले बैक सिंगर अंकन ने अपनी टीम के साथ हिंदी और बंगाली फिल्मी गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी और दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। इस अवसर पर द लीजेंट ऑफ बंगाल नाम से एक इवेंट भी आयोजित किया गया, जिसमें बंगाल के महापुरुषों की तस्वीर रखकर उनके योगदान को याद किया गया। मुख्य रूप से चैतन्य महाप्रभु, रानी रासमणि, ईश्वर चन्द्र विद्यासागर, राजा राम मोहन राय, रबिन्द्र नाथ ठाकुर, रामकृष्ण परमहंस, सर आशुतोष मुखर्जी, राजेन्द्र नाथ मुखर्जी, शरत चन्द्र चट्टोपाध्याय, जगदीश चन्द्र बोस, स्वामी विवेकानंद आदि के जीवन परिचय को दर्शाया गया। इन महापुरुषों के जीवन वृतांत का वर्णन किया गया। बताया कि इन महापुरुषों के समाजहित में कितने अहम योगदान रहे।





## बंगाली नववर्ष पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

पोइला बोइशाख बंगाली नववर्ष पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। भिलाई बंगाली समाज द्वारा ओपन एयर थियेटर सिविक सेंटर भिलाई में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। आंधी तूफान के बाद भी लोगों का हौसला कम नहीं हुआ। सैकड़ों की संख्या में लोग अपने परिवार के साथ उपस्थिति दर्ज कराते हुए नए-पुराने गीतों के साथ बंगाली नववर्ष को सेलिब्रेट किया। इस दौरान बांग्ला कैलेंडर भी बांटे गए। आयोजन का यह 20 वां वर्ष था। कार्यक्रम की शुरूआत भिलाई बंगाली समाज के संरक्षक मानव सेन, अध्यक्ष सुप्रोभात पाल, पूर्व अध्यक्ष डीके दत्ता व अन्य पदाधिकारियों ने मां सरस्वती देवी की पूजा अर्चना कर की।

## सारेगामा फेम के सिंगर ने दी प्रस्तुति, देर रात तक झूमे दर्शक

ओपन एयर थियेटर में आयोजित कार्यक्रम में जी बांग्ला सारेगामा फेम और उभरता हुआ प्लेबैक सिंगर अंकन ने अपने टीम के साथ सुमधुर नए व पुराने हिंदी और बांग्ला गीतों की प्रस्तुति दी। एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से गायक अंकन ने समां बांधा। सरल सभाव और व्यक्तित्व के धनी गायक अंकन अपने सुमधुर आवाज से लोगों का दिल जीता। लोग एक-दूसरे को नए साल की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए जश्न मनाया। आयोजन स्थल पर बंगाल के इतिहास और संस्कृति से जुड़ी लीजेंड ऑफ बंगाल नाम से एक गैलरी भी बनाई गई थी। इसमें अपने कर्म, साहस, भक्ति, त्याग एवं तेज से बंगाल व देश को गौरवशाली बनाने वाले लोगों की जीवन परिचय प्रदर्शित की गई।

## सिटी इवेंट

# अंबेडकर जयंती पर हुसैनी सेना हुई शामिल, बांटा गया शरबत



**भिलाई।** अंबेड़कर जंयती शहर में बड़ा ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय हुसैनी सेना ने पावर हाऊस चौक भिलाई में जुलूस रैली में पहुंचने वालों को मोहब्बत का शरबत और ठंडा पानी पिलाया। राष्ट्रीय हुसैनी सेना के जिला अध्यक्ष सोहेल राईन अपनी टीम के साथ चौक में स्थापित बाबा साहाब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय हुसैनी सेना के पंडाल में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव,वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन,दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, पार्षद सलामन पुलिस विभाग,अन्य समाज के लोगो ने शरबत वितरण में शामिल हुए। जिला अध्यक्ष सोहेल राईन ने बताया कि हमारी टीम का उद्देश्य एक ही है कि भिलाई में आपसी भाईचारा बना रहे ओर मोहब्बत बढ़ती रहे। इस दौरान जिला अध्यक्ष सोहेल राईन, गोल्डी भाई,गुफरान, सुहैल अहमद,परवेज सलमानी, रमजान, जिम्मी, इरफान, इमरान, अज्जू अहमद चौहान , जानी भाई, मोहम्मद गोस, हैदर, यासीन भाई, लल्लू भाई, लुकमान, अरमान राजा, मोहम्मद अफजल, अफसर, सदाकत, शोएब, शाहिद भाई, मासी आजाद, फैजान भाई, दानिश, मोहम्मद वसीम मौजूद थे।

- चौक पर बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया
- मोहब्बत की शरबत का वितरण

## सिटी लाइव

# लोक कला एवं साहित्य संस्था सिरजन का सुरता पारकर का आयोजन 19 को

**भिलाई।** लोक कला एवं साहित्य संस्था सिरजन के तत्वावधान में सुरता पारकर का आयोजन निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में शनिवार को दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम में अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल, साहित्यकार डॉ परदेशी राम वर्मा, कला परम्परा संपादक डॉ डी पी देशमुख, सहायक संचालक समग्र शिक्षा राज्य परियोजना रायपुर डॉ मुक्ति बैस, आत्मा राम साहू ट्रस्टी अध्यक्ष निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई तथा डॉ दीनदयाल साहू प्रांताध्यक्ष लोक कला एवं साहित्य संस्था सिरजन भिलाई उपस्थित रहेंगे। वरिष्ठ साहित्यकार व समाज सेवी रहे रामप्यारा पारकर की स्मृति में आयोजन का यह 9वां वर्ष है। स्व. पारकर महिला उत्थान के लिए सतत प्रयासरत रहे, इसलिए उनकी कल्पना के अनुरूप राम प्यारा स्मृति सम्मान प्रति वर्ष समाजसेवी और साहित्य व कला से जुड़ी महिला प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष यह सम्मान डगेश्वरी पारकर को प्रदान किया जाएगा। डगेश्वरी पारकर लगातार साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही हैं। इसी के साथ ही निर्मला सिन्हा की कृति काव्य संग्रह निर्मला की कलम से तथा शिवपाल ताम्रकार की कृति आत्मकथा सूना घर संसार का विमोचन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में साहित्यकार, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक संस्था के सदस्य और पदाधिकारी, आश्रम के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

- कार्यक्रम में डगेश्वरी होंगी सम्मानित

## समाज इवेंट

# जामुल के सुरडुंग में सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ का आयोजन 21 से



**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्र के ग्राम सुरडुंग में सात दिवसी विशाल रुद्र महायज्ञ का आयोजन 21 से 27 अप्रैल तक किया जाएगा है। यहां पर प्रदेश भर से श्रद्धालुओं की पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए यह बात स्वामी यदुनंदन सरस्वती महाराज ने कही । जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित संत-महात्मा, विद्वान शंकराचार्य , धार्मिक गुरु यहां शामिल होंगे। कार्यक्रम का नेतृत्व स्वामी यदुनंदन सरस्वती महाराज कर रहे हैं। आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता और विश्व कल्याण को समर्पित होना बताया जा रहा है। स्वामी यदुनंदन सरस्वती ने बताया कि महायज्ञ की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 21 अप्रैल को कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। धार्मिक आयोजन में 50 हजार से 1 लाख लोगों के शामिल होने की संभावना है। इसका लाभ करीब 3 से 4 लाख भक्तगणों को होगा। महायज्ञ में विशेष रूप से वैष्णव पीठाधीश्वर प्रयागराज, एमपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री, जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देव तीर्थ महाराज के आगमन की पुष्टि की गई है। यज्ञ सुबह 7 बजे से शुरु होकर 1 बजे तक होगा। उसके बाद दोपहर 2 बजे आमंत्रित विद्वान का प्रवचन, कथा, शास्त्रार्थ होगा। इसके बाद शाम 6 बजे कथा स्थल से आरती पुष्पाजंली , रात 8 बजे रासलीला नृत्य होगा। इसके अलावा यज्ञ समय में विशिष्ट राजनैतिक व्यवसायिक आर्शिवाद के लिए पहुंचेगें। इनसे वहीं लोग जुड़े है जिन्हें लाभ मिलता है। अन्य कोई नहीं जुड़ा है। इस दौरान जामुल नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर और संतोष सिंह समेत भक्तगण मौजूद थे।

- यज्ञ में पांच लाख से अधिक भक्तगणों को मिलेगा लाभ
- यह आयोजन 21 से 27 अप्रैल तक चलेगा

● दुर्ग में हुई ट्रांसजेंडर की एक दिवसीय कार्यशाला, विधायक देवेंद्र और महापौर अल्का हुए शामिल

# अज्ञातवास में अर्जुन ने बृहन्नला के रूप में उत्तरा को दी नृत्य की शिक्षा, यह दर्शाता है कि किन्नरों को थे समान अधिकार

**दुर्ग।** संघर्ष एक जीवन समिति और नगर निगम दुर्ग संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में भिलाईनगर विधायक देंवेंद्र यादव और दुर्ग महापौर अल्का बाघमार प्रमुख रूप से शामिल हुए। प्रथम सत्र में विधायक देवेंद्र यादव ने उद्घाटन के दौरान कहा कि अब समय आ गया है कि समाज के सभी वर्गों को विकास की मुख्य धारा में जोड़ना होगा। विशेष रूप से इस ट्रांसजेंडर समुदाय को आगे लाने के लिए समाज के सभी वर्गों को प्रयास करना होगा। उन्होंने इस बात का आश्वासन दिया कि वह हमेशा इस समुदाय के साथ थे, हैं और रहेंगे। और जब भी जिस तरह की आवश्यकता होगी, अपनी भागीदारी से कार्य को संपादित करेंगे। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र की मुख्य अतिथि महापौर अलका वाघमारे ने अपनी गरिमामय उपपस्थिति से पूरे सभागार में उपस्थित किन्नरों के समुदाय को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में महाभारत काल में अपने अज्ञातवास के दौरान अर्जुन ने बृहन्नला के रूप में, जो कि एक किन्नर थी। उत्तरा को नृत्य संगीत की शिक्षा दी। अर्थात प्राचीन काल से ही किन्नर को समाज में समान रूप से देखा जाता था। उनकी भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती थी।



### विकास की इस दौड़ में किन्नरों को भी समाज की मुख्य धारा से जुड़ना आवश्यक



महापौर बाघमार ने कहा कि जब आज विकास के दौर में महिलाएं आगे बढ़ रही है तो इस समुदाय को भी आगे लाना होगा। उनके प्रति अभी समाज की मनोवृत्ति में काफी परिवर्तन आया है। हम उम्मीद करते हैं कि अगर समाज के सभी लोगों में एक मानसिक परिवर्तन और सद्भाव उनके प्रति दिखाई देता है, जो अब दिखने लगा है। तो यह समुदाय भी विकास की मुख्य धारा में खुद को जोड़ पाएगा। इस पूरे कार्यक्रम को संघर्ष एक जीवन समिति के बैनर तले डॉ. सुचित्रा शर्मा और कंचन सेंद्रे द्वारा संपादित किया। शंकराचार्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अर्चना झा और उनके महाविद्यालयीन परिवार के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई।

### ट्रांस यदि ठान लें तो वे भी बढ़ सकती हैं आगे

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में देहरादून से ट्रांस स्क्रीन नताशा ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए स्त्री पुरुष का होना जरूरी नहीं है। ट्रांस भी अगर ठान ले तो निश्चित रूप से वह आगे बढ़ सकती है। रायपुर से संकल्प मितवा समिति की ओर से विद्या राजपूत और रवीना बारिहा ने भी अपना उद्बोधन दिया और ट्रांस समुदाय को प्रेरित किया कि वह अपनी स्थिति का आकलन करें और आगे बढ़े। उन्होंने बताया कि भारतीय उच्च न्यायालय ने 15 अप्रैल 2014 नालसा जजमेंट के तहत ट्रांसजेंडर समुदाय को तृतीय लिंग के रूप में घोषित किया। ट्रांसजेंडर समुदाय को स्त्री पुरुष या ट्रांस के रूप में घोषित करने या पहचान का अधिकार दिया। इसलिए यह समुदाय इस दिन राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर दिवस मनाता है।



### चार जिले के 40 से ज्यादा ट्रांसजेंडर हुए शामिल

कार्यक्रम में दुर्ग, बेमेतरा, बालोद और रायपुर से लगभग 40 ट्रांसजेंडरों ने सहभागिता दी। विशेष रूप से विकास, हसीना, चांद सहित अन्य ने सक्रियता से भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से डॉ. अर्चना झा प्राचार्य श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, डॉ. अमरनाथ शर्मा प्रोफेसर बोरी कॉलेज, डॉ. लक्ष्मी वर्मा, डॉ. मंडल, डॉ. चंदन राठौर, मंजू दुबे की सक्रिय भूमिका रही। ट्रांसजेंडर जीवन की जीवंत प्रस्तुति विद्यार्थियों ने बेहद मार्मिक तरीके से दी। कार्यक्रम में पुलिस काउंसलर डॉ. अंजना श्रीवास्तव, करियर एंड मेडिकल काउंसलर डॉ. आभा शशि, सविता पांडे, उर्मिला पाठक और राकेश विश्वकर्मा मौजूद थे। संघर्ष एक जीवन समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर डे के अवसर पर विभिन्न संस्थाओं ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम में मितवा समिति, रायपुर से विद्या राजपूत, साहस प्रोजेक्ट से रवीना बरीहा, जीवन रेखा फाउंडेशन से प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रतीक पाठक और प्रबंधक विकास मेश्राम, तथा दलित बहुमुखी संस्था से अध्यक्ष सचिन खरे मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## ब्राह्मण समाज की बैठक

# राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का आयोजन परशुराम जयंती 30 को, होगी पूजापाठ



**भिलाई।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक जगन्नाथ मंदिर सभागार सेक्टर 6 में आयोजित की गई थी। इस दौरान परशुराम जन्म प्राकट्योत्सव मनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला, भिलाई अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी उपस्थित थे। 30 अप्रैल को सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर में भगवान परशुराम जयंती का आयोजन किया जाएगा। सुबह 9.30 बजे से विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी और 11 बजे पूजा पश्चात भोग प्रसाद वितरण किया जाएगा। बैठक में प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला ने समाज के सभी सदस्यों की इस कार्यक्रम में परिवार सहित भागीदारी होने की बातें कही। भिलाई अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी ने भी इस कार्यक्रम में सभी को तन, मन, धन के साथ सहयोग करने को कहा। साथ ही सभी विप्र जनों से उपस्थित रहने की अपील की। बैठक में अन्य सदस्यों ने भी संगठन को मजबूत बनाने की दिशा पर विचार रखे। बैठक में महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मृदुला शुक्ला, ज्योति शर्मा ने कार्यक्रम की रुपरेखा पर चर्चा की। बैठक के अंत में बीजेपी भिलाई अध्यक्ष स्वीटी कौशिक की पुत्री ऋचा कौशिक के निधन पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक का संचालन नरेश चौरे और आभार व्यक्त ज्योति शर्मा ने किया । बैठक में राकेशन शुक्ला, लक्ष्मीकांत तिवारी, अरुण पंडा, मृदुला शुक्ला, ज्योति शर्मा, संजय शर्मा, दीपक मिश्रा, राजेंद्र पंडा, रमेश शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, नरेश चौरे, आर के पाण्डे, लक्ष्मी नारायण विश्वा, प्रभात मिश्र, अमर मिश्र, लखन लाल मिश्र, रविन्द्र कुमार, संदीप पांडे, शशांक दुबे, रीता शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## आयोजन

# मोर मुखिया महोत्सव में स्वच्छ ग्राम और विकास करने सरपंचों को किया सम्मानित



**दुर्ग।** मोर मुखिया महोत्सव 2025 का आयोजन दुर्ग में किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग जिले के सभी ग्राम पंचायतों के सरपंचों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया और उन्हें सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित किया गया। संस्था की वेणु वर्मा ने बताया कि आयोजन के लिए टीम ने गांव-गांव जाकर सर्वेक्षण किया और वास्तविक आंकड़ों के आधार पर नामांकन सुनिश्चित किया। कार्यक्रम में वृक्षारोपण, स्वच्छ ग्राम, रोजगार युवा, रोजगार युवा अवॉर्ड की चार प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के जनरल सेक्रेटरी अजय भसीन और मनोहर कृष्णानी उपस्थित रहे। सांसद विजय बघेल ने कार्यक्रम को संबोधितकरते हुए कहा कि वृक्षारोपण, स्वच्छता, रोजगार और डिजिटलीकरण हमारे जीवन और गांवों के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। मैं सदैव ऐसे कार्यों में लोगो के साथ खड़ा रहूंगा। कार्यक्रम में लेखक यीशु प्रसाद बंछोर की नई पुस्तक नरेंद्र मोदी नए युग में शिल्पकार का लोकार्पण किया गया। इस आयोजन में मीरा के श्याम संस्था की वेणु वर्मा, घनश्याम बंछोर, रिंकू वर्मा, नेहा वर्मा, मंजू वर्मा, दीपक वर्मा सहित पूरी टीम उपस्थित रही।





## पूजा-अर्चना के साथ हुआ पणा वितरण का कार्यक्रम

# उत्कल समाज ने पणा संक्रांति महोत्सव के साथ उड़िया नववर्ष हर्षोल्लास से मनाया

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** उत्कल समाज ने श्री जगन्नाथ मंदिर, सेक्टर-4 के तत्वावधान में गुंडिचा मंडप, सेक्टर-10 में पणा संक्रांति महोत्सव के साथ उड़ीया नव वर्ष का आगाज किया। आयोजित पणा संक्रांति महोत्सव में ओड़िया नववर्ष का जश्न बड़े उत्साह और भक्ति भाव से मनाया गया। यह कार्यक्रम परंपरा, सांस्कृतिक सद्भाव और सामुदायिक भावना का एक अद्भुत मिश्रण साबित हुआ। इस आयोजन में मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा व अग्निशमन सेवाएं मुख्य महाप्रबंधक देवदत्त सतपथी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि कलिंग ज्योति के अध्यक्ष एवं बीएसपी के महाप्रबंधक अक्षय नायक, सेफी, चेयरमैन व ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, महाप्रबंधक(सीआरएम) मानस रंजन रथ, पूर्व एडिशनल सीएमओ डॉक्टर त्रिनाथ दास, जगन्नाथ समिति के महासचिव सत्यवान नायक विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### उत्कल समाज की सक्रियता को बढ़ावा देता है

समिति के सांस्कृतिक सचिव त्रिनाथ साहू के समन्वय में उत्कल समाज के स्त्री-पुरुषों और युवाओं ने सेंट्रल एवेन्यू में राहगीरों को पणा का वितरण प्रारंभ किया। देर शाम तक चले इस पणा वितरण कार्यक्रम के तहत लगभग 5000 लोगों ने पणा का रसास्वादन किया। इसके साथ ही फल वितरण भी किया गया। उत्कल समाज का पणा संक्रांति महोत्सव ओडिया संस्कृति का एक सुंदर प्रतिबिंब है, जो भिलाई के उत्कल समाज की सक्रियता को बढ़ावा देता है। इस कार्यक्रम में जगन्नाथ समिति के महासचिव सत्यवान नायक सहित त्रिनाथ साहू, सुशांत सतपति, डी त्रिनाथ, अनाम नाहक, कालू बेहेरा, बसंत प्रधान, बी सी बिस्वाल, भीम स्वाईं, रंजन महापात्र, कबि बिस्वाल, निरंजन महाराणा, प्रकाश दास, जगन्नाथ पटनायक, सीमांचल बेहेरा, कैलाश पात्रो, एस दलाई, सुजाता साहू, स्वाति रावल, नूपुर पाणिग्रही, नीलिमा पाढ़ी एवं मुमिता कुलिया ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर उत्कल समाज के अनेक वरिष्ठगण उपस्थित रहे।

### सामाजिक समरसता की सराहना की

कार्यक्रम की शुरुआत बीएसपी के सीजीएम देवदत्त सतपथी सहित विशिष्ट अतिथियों ने महाप्रभु जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर महाप्रभु को पणा (विशेष प्रकार का शरबत) का भोग लगाया। जिसके बाद अतिथियों द्वारा पणा वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की। श्री सतपथी ने अपने उद्बोधन में भिलाई के सामाजिक समरसता की सराहना की। उत्कलवासियों को पणा संक्रांति एवं नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एम्बर हर्ड मानहानि मुकदमे के बाद काम पर जुटे जॉनी डेप, छह साल बाद करेंगे वापसी

हॉलीवुड अभिनेता जॉनी डेप अपनी आगामी फिल्म 'डे ड्रिंकर' के साथ इंडस्ट्री में वापसी कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मार्क वेब ने किया है। लायंसगेट ने फिल्म का निर्माण शुरू कर दिया है। अब लायंसगेट ने हाल ही में अभिनेता की पहली झलक जारी की है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।



'डे ड्रिंकर' के इस दमदार लुक में जॉनी डेप एक मैच्योर, रहस्यमय अंदाज में नजर आ रहे हैं। उन्हें एक डबल-ब्रेस्टेड नेवी ब्लेजर और हल्के नीले रंग की शर्ट पहने हुए देखा गया। उनकी दाढ़ी ने भी फैंस का ध्यान आकर्षित किया। व्हिस्की ऑन द रॉक्स जैसा दिखने वाला क्रिस्टल ग्लास पकड़े हुए डेप का लुक फिल्म के दिलचस्प शीर्षक के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। 'डे ड्रिंकर' जॉनी डेप की हॉलीवुड में बहुप्रतीक्षित वापसी है। यह वापसी अभिनेता अपनी पूर्व पत्नी एम्बर हर्ड के साथ लंबी कानूनी लड़ाई के बाद कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ पेनलोप क्रूज भी हैं, जो 'ब्लो', 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियनः ऑन स्ट्रेंजर टाइड्स' और 'मर्डर ऑन द ओरिएंट एक्सप्रेस' जैसी फिल्मों में उनकी सह-कलाकार रही हैं। '500 डेज ऑफ समर' और 'स्नो व्हाइट' का निर्देशन करने वाले मार्क वेब ने कहा, 'मैं जॉनी, मैडलिन, पेनलोप और इस अविश्वसनीय कलाकारों के साथ निर्माण शुरू करने के लिए उत्साहित हूं।' थंडर रोड के बेसिल इवानिक और एरिका ली द्वारा निर्मित 'डे ड्रिंकर' में मनु रोस, अर्न पाइपर, जुआन डिएगो बोटो और अनिका बॉयल भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

### टॉलीवुड

## धनुष की 'कुबेर' का नया पोस्टर जारी पहले गाने के साथ शुरू होगा प्रमोशन

साउथ अभिनेता धनुष इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। धनुष की आगामी फिल्मों में 'इडली कड़ाई' से लेकर 'तेरे इश्क में' और 'कुबेर' शामिल हैं। आज फिल्म निर्माताओं ने 'कुबेर' फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें धनुष अपने अंदाज में डांस स्टेप करते दिखाई दे रहे हैं। यह गाना किस दिन रिलीज होगा, इसे लेकर प्रशंसकों में काफी उत्साह है। धनुष इन दिनों निर्देशक शेखर कम्मुला के साथ मिलकर 'कुबेर' नाम की फिल्म में काम कर रहे हैं। इस फिल्म में धनुष के अलावा नागार्जुन और रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह एक एक्शन फिल्म होगी। खबर के अनुसार, धनुष की आगामी फिल्म 'कुबेर' की रिलीज से पहले इसके प्रमोशन की तैयारी चल रही है। इसीलिए निर्माताओं ने 'कुबेर' के प्रमोशन के लिए इसका पहला गाना लॉन्च करने की तैयारी शुरू कर दी है। निर्माताओं ने आज देवी श्री प्रसाद द्वारा रचित इस गाने को 20 अप्रैल, 2025 को रिलीज की जाने की घोषणा की है। धनुष के स्टाइलिश डांस स्टेप के साथ फिल्म कुबेर का एक और नया पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें धनुष अपने स्टाइलिश अंदाज में डांस स्पेट करते दिखाई दे रहे हैं। एक्स पर इस पोस्टर के साथ लिखा, 'धनुष 'संभवम' लोड हो रहा है 20 अप्रैल को, कुबेरा के साथ - पहला सिंगल'



धनुष की फिल्म 'कुबेर' एक एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस साउथ फिल्म में बॉलीवुड अभेनिता जिम सर्भ भी अहम रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण सुनील नारंग और पी. राम मोहन राव शेखर कम्मुला के एमिगोस क्रिएशंस बैनर तले किया जा रहा है। यह फिल्म 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## मनीषा को आया ब्लू ड्रम वाले गाने पर गुस्सा, बोलीं, 'शर्म आनी चाहिए...'

मेरठ में हुए सौरभ हत्याकांड को लेकर सोशल मीडिया पर काफी समय से फनी वीडियो बनाए जा रहे थे। हाल ही में इसी हत्याकांड से प्रेरित होकर एक भोजपुरी गाना भी बनाया गया है। इस बात से इंफ्लुएंसर मनीषा रानी काफी नाराज हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करके उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की है।



ओटीटी प्लेटफॉर्म पर टेलीकास्ट हुए रियालिटी शो 'बिग बॉस 2' से मशहूर हुईं इंफ्लुएंसर मनीषा रानी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, उसमें वह कंटेंट क्रिएट करने वाले लोगों पर काफी गुस्सा हैं। दरअसल, कुछ समय से सोशल मीडिया पर नीले ड्रम को लेकर कई तरह के फनी वीडियो देखने को मिले। हाल ही में एक भोजपुरी गाना भी नीले ड्रम को लेकर बनाया गया है। इस नीले ड्रम का कनेक्शन मेरठ में हुए सौरभ मर्डर केस से है। मेरठ में एक पत्नी ने अपने पति को प्रेमी के साथ मिलकर मारा और फिर नीले ड्रम में डालकर ऊपर से सीमेंट डाल दिया। मनीषा ने जैसे ही इस घटना को आधार बनाकर बनाए गए भोजपुरी गाने को देखा तो वह बहुत दुखी हुईं। वह ऐसा कंटेंट क्रिएट करने वालों को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए खरी-खोटी सुनाती दिखीं। जानिए, मनीषा रानी ने क्या कहा? मनीषा रानी इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई वीडियो में कहती हैं, 'मैंने अभी एक भोजपुरी गाने का वीडियो देखा 'ड्रम में राजा'। यह गाना मेरठ में हुए हत्याकांड से प्रेरित है।

## फ्रेंच जलवा

मौजूदा दौर में फ्रेंच फैशन टिकाऊ और नैतिक रुझान, आरामदायक कपड़े और क्लासिक तथा आधुनिक शैलियों का मिश्रण ज्यादा लोकप्रिय है। अब स्ट्रीट वियर और एथलीज़र कपड़े भी तेजी से पसंद किए जा रहे हैं। दरअसल, यूरोपीय संघ टिकाऊ और डिजाइनर कपड़ों के लिए एक रणनीति के साथ काम कर रहा है ताकि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना हरित वस्त्र क्षेत्र का निर्माण किया जा सके।



लाइफ स्टाइल

# नेकलाइन के हिसाब से करें अपना दुपट्टा स्टाइल

अक्सर हम अपने इंडियन और वेस्टर्न आउटफिट के साथ दुपट्टे को स्टाइल करना पसंद करती हैं। यह आपके पूरे लुक को बदल सकता है या फिर उसे थोड़ा फीका भी कर सकता है। दुपट्टे की मदद से एक स्टनिंग लुक पाने के लिए जरूरी है कि आप उसे सही तरह से स्टाइल करें। यूं तो दुपट्टे को कई अलग-अलग तरीकों से स्टाइल किया जा सकता है। लेकिन अगर आप अपने लुक को परफेक्ट टच देना चाहती हैं तो ऐसे में आपको अपने आउटफिट की नेकलाइन को ध्यान में रखकर उसे स्टाइल करना चाहिए। आउटफिट की नेकलाइन के अनुसार जब दुपट्टे को स्टाइल किया जाता है तो इससे आपको एक स्टेटमेंट लुक मिलता है। चाहे आप वी-नेक पहन रही हों, स्वीटहार्ट नेकलाइन या फिर हाई नेक, दुपट्टा या तो उसे उभार सकता है या फिर पूरी तरह छिपा सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि अपने आउटफिट की नेकलाइन के अनुसार आप दुपट्टे को किस तरह स्टाइल करें-

### बोट नेक आउटफिट

बोट नेक यकीनन आपके आउटफिट को एक स्टनिंग लुक देती है। यह नेकलाइन चौड़ी और एलीगेंट होती है और इसे छिपाने की ज़रूरत नहीं होती। ऐसी नेकलाइन के साथ आप साइड ड्रेप, एल्बो टक दुपट्टा ड्रेप कर सकती है। साइड ड्रेप के लिए दुपट्टे को एक कंधे पर रख दें, और दूसरा सिरा पीछे छोड़ दें। यह बहुत ही लाइट और स्टाइलिश लगेगा। वहीं, एल्बो टक करने के लिए आप दुपट्टे को दोनों कंधों पर रखें और उसे कोहनियों पर टिकने दें। यह बहुत ही ग्रेसफुल लगेगा। कभी



भी बोट नेक आउटफिट के साथ दुपट्टे को पहनते समय गले को पूरी तरह ना ढकें। इससे आपका लुक हैवी लग सकता है।

### वी-नेक आउटफिट

वी-नेक आपको एक शार्प और लम्बा लुक देते हैं, इसलिए इस डिटेल को न छिपाएं। इसके साथ आप वन साइड लूज ड्रेप या पिन सेंटर ड्रेप लुक काफी अच्छा लगेगा। वन साइड लूज ड्रेप लुक के लिए इसे एक कंधे पर ड्रेप करें और फिर इसे ऐसे ही खुला रहने दें। वहीं, पिन सेंटर ड्रेप करने के लिए आप चेस्ट के मिडिल में पिन करें, ताकि यह वी को फ्रेम करें।

# बेसिक कुर्ते से भी क्रिएट किया जा सकता है स्टाइल स्टेटमेंट



हम सभी अपने वार्डरोब में कई तरह के आउटफिट्स को जगह देते हैं। इन्हीं में से एक है सिंपल कुर्ता, जो पहनने में तो बहुत ज्यादा कंफर्टेबल होता है, लेकिन सिंपल होने की वजह से ऐसे ही अलमारी में पड़ा रहता है। हमें लगता है कि ये कुर्ता सिंपल होने की वजह से हमारे लुक को फीका बना सकता है। हालांकि, यहां आपको यह भी समझने की जरूरत है कि स्टाइलिश दिखने के लिए हर बार महंगे और नए आउटफिट खरीदने की जरूरत नहीं होती है, बल्कि आपको अपने हर आउटफिट को सही तरह से और अलग-अलग तरीके से स्टाइल करना आना चाहिए। बस थोड़ी सी क्रिएटिविटी, सही एक्सेसरीज़, लेयरिंग और कॉन्फिडेंस की मदद से आप अपने उसी सिंपल से कुर्ते को भी ट्रेंडी बना सकती हैं। आप इस कुर्ते को ब्रंच डेट से लेकर केजुअल्स, यहां तक कि किसी खास अवसर पर भी पहन सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही स्टाइलिंग आइडियाज के बारे में बाता रहे हैं, जिनकी मदद से आप अपने सिंपल कुर्ते में भी स्टेटमेंट लुक क्रिएट कर सकती हैं-



### सही तरह के करें लेयरिंग

अगर आप एक सिंपल कुर्ते को एक स्टनिंग तरीके से स्टाइल करना चाहती हैं तो ऐसे में लेयरिंग करना यकीनन एक अच्छा विचार है। लेयरिंग करने के लिए आप एक लंबा प्रिंटेड श्रग, डेनिम जैकेट या स्लीवलेस एथनिक जैकेट पहनें। यह आपके लुक को अधिक स्टाइलिश बनाता है। इसी तरह, फ्यूजन ट्विस्ट के लिए कुर्ते के साथ ओवरसाइज्ड शर्ट को भी स्टाइल किया जा सकता है।

### बॉटम्स को लेकर हों एक्सपेरिमेंटल

सिंपल कुर्ते में स्टेटमेंट लुक क्रिएट करने के लिए आप बॉटम्स के साथ भी एक्सपेरिमेंटल हो सकती हैं। मसलन, आप सिंपल कुर्ती के साथ प्लेन लेगिंग की जगह धोती पैंट, प्रिंट वाले पलाज़ो या फ्लेयर्ड शरारा पहन सकती हैं। इसमें आपका लुक बेहद ही खास नजर आएगा।

# बालों को इस तरह दें कोलेजन ट्रीटमेंट, बढ़ने लगेगी लंबाई

लंबे बालों का शौक तो हर महिला को होता है ।अपनी खूबसूरती से वो कभी भी समझौता नहीं करती हैं। इसलिए सबसे ज्यादा वो अपनी त्वचा और बालों की देखभाल करती हैं। वैसे तो लंबे बालों का शौक हर महिला को होता है, मगर हर किसी के बाल जल्दी लंबे नहीं होते हैं। दरअसल, इसके पीछे कई वजह हैं। पहली तो यही है कि न तो आजकल का खानपान ऐसा है और न ही बालों की उचित देखभाल करने के लिए लोगों के पास समय है। ऐसे में बालों की ग्रोथ बहुत धीमी हो जाती है। वैसे बाजार में बालों की अच्छी ग्रोथ के लिए बहुत सारे प्रोडक्ट्स और ट्रीटमेंट्स हैं। बालों की ग्रोथ के लिए कोलेजन ट्रीटमेंट भी एक लोकप्रिय और प्रभावी तरीका है। आप घर पर भी बालों को कोलेजन ट्रीटमेंट दे सकती हैं।

### कोलेजन ट्रीटमेंट के फायदेः

कोलेजन बालों को जड़ से मजबूत करता है, जिससे बालों के झड़ने की समस्या कम हो जाती है। कोलेजन ट्रीटमेंट से बाल अधिक चमकदार हो जाते है, जिससे वे स्वस्थ और सुंदर दिखते हैं।कोलेजन ट्रीटमेंट बालों की



ग्रोथ को प्रमोट करता है और नए बालों के विकास को बढ़ावा देता है। कोलेजन ट्रीटमेंट से रूखे और क्षतिग्रस्त बालों को रिपेयर किया जा सकता है।

### लहसुन से कोलेजन ट्रीटमेंट


लहसुन का हेयर पैक बालों की ग्रोथ से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में बहुत उपयोगी हो सकता है। यह बालों के झड़ने को कम करने, बालों को मजबूत बनाने और डैंड्रफ को कम करने में मदद करता है।

# गर्मियों में चेहरे पर इन किचन इंग्रीडिएंट्स को लगाने से बचें

गर्मी में हम सभी की स्किन अतिरिक्त केयर मांगती है। इस मौसम में तेज धूप, टैनिंग और पसीना आपकी स्किन को परेशान कर सकता है। ऐसे में अपनी स्किन की देखभाल करने के लिए हम कुछ घरेलू उपाय अपनाते हैं और इसके लिए कुछ किचन इंग्रीडिएंट का सहारा लेते हैं। शहद से लेकर नींबू या टमाटर जैसी चीज़ों को अपनी स्किन की केयर का हिस्सा बनाते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि हर किचन इंग्रीडिएंट स्किन के लिए सुरक्षित नहीं होता है। गर्मी पहले से ही आपकी स्किन के लिए कई तरह की समस्याएं लेकर आती है। ऐसे में अगर आप गलत इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करती हैं, तो इससे आपकी स्किन बद से बदतर हो सकती है। इससे आपकी स्किन में जलन से लेकर रैशेज और पिगमेंटेशन की शिकायत हो सकती है।

### प्याज या लहसुन का रस

अक्सर लोग पिंपल्स या दाग-धब्बों से निजात पाने के लिए प्याज़ या लहसुन के रस का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन गर्मी के मौसम में इसे लगाने से बचना चाहिए।



दरअसल, इस मौसम में स्किन को जलन या खुजली की शिकायत हो सकती है।

इतना ही नहीं, यह पसीने और तेज़ धूप के साथ रिएक्ट कर सकता है, जिससे रैशेज या एलर्जी हो सकती है। चेहरे की डेलीकेट स्किन के लिए ये नुकसानदायक साबित हो सकती है। नमक को भी हम अपने ब्यूटी रूटभ्न में शामिल करना पसंद करते हैं। यह बॉडी स्क्रब्स में ठीक है, लेकिन चेहरे के लिए इसे इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।

## कार्नर न्यूज

### ड्रेसिंग की गलतियां सुधारना है समझदारी की बात

# ड्रेसिंग की इन गलतियों से आपकी हाइट दिखती है कम, इन्हें पहचान कर जल्द सुधार सकते हैं


हाइट कम होना कोई खराब बात नहीं है। लेकिन गलती करके ऐसी ड्रेसिंग करना जिससे हाइट कुछ ज्यादा ही कम लगे ये भी सही नहीं है। इसलिए जरूरी है कि आप अपनी ड्रेसिंग में वो खास गलतियां बाहर कर दें जो आपको जरूरत से ज्यादा छोटा दिखाती हैं। इन गलतियों को पहचान कर अपनी हाइट को ज्यादा दिखाया जा सकता है। इन गलतियों को पहचान लीजिए ताकि आपको अपना बेस्ट लुक मिल सके। चलिए इन गलतियों को पहचान लीजिए-

### ओवरसाइज़ जैकेट

आपको हाइट को ज्यादा महसूस कराना हो तो ओवरसाइज़ जैकेट या दूसरे बैगी कपड़ों से भी दूरी बनानी होगी। बैगी और ढीले कपड़े कम हाइट का इल्यूजन देते हैं। इसमें पैर छोटे महसूस होते हैं।

### जींस की लंबाई

जींस की लंबाई कितनी है? हाइट को ठीक ठाक दिखाने के लिए ये जानना जरूरी है। अगर जींस के नीचे कुछ हिस्से की यूंहीं लेयर बन



रही हैं तो आपको इसे तुरंत कटा लेना चाहिए। कटा नहीं सकते हैं तो इन्हें कम से कम एंकल तक फोल्ड कर लें। इसकी फिटिंग पर भी ध्यान दें।

### हील वाले जूते

अगर आपकी स्टाइल में हील वाले जूते शामिल है तो आपको इन्हें ना कर देना चाहिए। इसके साथ हैवी सोल वाले जूते भी नहीं चलेंगे। आप सोच रहे होंगे हील वाले जूतों में क्या दिक्कत है? दिक्कत है। दरअसल इसमें आपके पैर छोटे दिखते हैं।

### भारी एसेसरीज

अगर आपको भारी एसेसरीज जैसे टाई और घड़ी पहनना पसंद है तो इनको भी लुक से निकाल दीजिए। आपको पतली टाई पहननी होगी, इसके साथ आपको पतले स्ट्रेप वाली घड़ी भी पहननी होगी।

### गलत लेयरिंग]

लेयरिंग करना फैशन का हिस्सा है लेकिन इसे सही तरीके से किया गया हो तब ही अच्छा रहेगा। अगर लेयरिंग का हर कपडा अलग रंग का है तो मामला सही नहीं बैठेगा। लेयरिंग को एक ही कलर पैलेट में पहनें तो अच्छा रहेगा। इसके साथ प्रिंट न चुनें और सॉलिड रंगों का चुनाव करें।

